रोहतक
मंगलवार 2 जून 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, द्वितीया वर्ष : 30, अंक : 118
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 40.0
न्यून. 20.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

# आईआईटी-जेईई एडवांस्ड में प्रदेश के 42% स्टूडेंट पास

## सुपर-100 में 91 बच्चे हुए चयनित, हिसार सबसे अव्वल, 16 विद्यार्थियों ने एग्जाम क्लियर किया

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के विद्यार्थियों ने आईआईटी-जेईई एडवांस्ड में सफलता के झंडे गाड़ दिए हैं। प्रतिष्ठित सुपर 100 कार्यक्रम के 91 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता हासिल की है। हरियाणा सुपर 100 (एचएस-100) के कुल 206 विद्यार्थियों का आईआईटी-जेईई एडवांस्ड 2026 का परिणाम आया है। इनमें से 91 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। 206 विद्यार्थियों के संकलित परिणामों के आधार पर कार्यक्रम ने 44.2 % की प्रभावशाली सफलता दर हासिल की। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विद्यार्थियों को अच्छे परिणाम के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम सरकार की कोचिंग व्यवस्था की प्रभावशीलता को दर्शाता है। सूबे से सफल विद्यार्थियों में 24 विद्यार्थी सामान्य वर्ग, 30 विद्यार्थी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) तथा 37 विद्यार्थी अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग से हैं। कार्यक्रम के तहत 34



छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण की। जिला स्तर पर हिसार सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाला जिला रहा, जहां से 16 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। फतेहाबाद 9 सफल विद्यार्थियों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि फरीदाबाद और जींद से 8-8 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। कैथल से 7, गुरुग्राम और रेवाड़ी से 6-6 विद्यार्थी सफल रहे, जबकि महेंद्रगढ़, भिवानी, कुरुक्षेत्र और पलवल से 4-4 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की।

### ये जिले भी छाए

इसके अलावा चरखी दादरी, झज्जर, सोनीपत, नूंह (मेवात), पंचकूला और सिरसा से 2-2 विद्यार्थी सफल हुए, जबकि अंबाला, करनाल और यमुनानगर से 1-1 विद्यार्थी ने परीक्षा उत्तीर्ण की। इस प्रकार हरियाणा के विभिन्न जिलों से कुल 91 विद्यार्थियों ने सुपर 100 कार्यक्रम के अंतर्गत आईआईटी-जेईई एडवांस्ड 2026 परीक्षा में सफलता हासिल की।

## खबर संक्षेप

### जी पर होगा फीफा वर्ल्ड कप के मैचों का प्रसारण

**नई दिल्ली।** जी एंटरटेनमेंट ने सोमवार को ऐलान किया कि उसने भारत में फीफा वर्ल्ड कप 2026 के प्रसारण और स्ट्रीमिंग अधिकार हासिल कर लिए हैं। यह टूर्नामेंट 11 जून 2026 से अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में शुरू होगा। इस बार विश्व कप पहले से बड़ा होगा क्योंकि इसमें 48 टीमें हिस्सा लेंगी। मैचों का प्रसारण जी के नए स्पोर्ट्स चैनल यूनाइट 8 स्पोर्ट्स पर किया जाएगा, जबकि डिजिटल दर्शक जी5 पर मुकाबलों का सीधा प्रसारण देख सकेंगे। इसे कंपनी के पोर्टफोलियो के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। *(विस्तृत खेल पेज पर)*

### राज्यसभा की 27 सीटों की अधिसूचना जारी



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 27 राज्यसभा सीटों और 3 राज्यों में विधान परिषदों के चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी। सभी के लिए वोटिंग 18 जून को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगी। गिनती उसी दिन शाम 5 बजे से शुरू होगी। राज्यसभा और विधान परिषद चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 8 जून है। नामांकन पत्रों की जांच 9 जून को की जाएगी। *(पेज 7 भी देखें)*

### 2 से 3 दिन में केरल पहुंचेगा मानसून

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने कहा है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले 2 से 3 दिनों में केरलम पहुंच सकता है। आमतौर पर मानसून एक जून के आसपास केरलम पहुंचता है, लेकिन इस बार इसमें थोड़ी देरी हुई है। आईएमडी के मुताबिक अरब सागर, लक्षद्वीप, केरलम और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए मौसम अनुकूल है। बंगाल की खाड़ी के कई इलाकों में भी मानसून आगे बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने पहले मानसून के 26 मई को केरलम पहुंचने का अनुमान लगाया था। *एजेंसी*

### चैंपियन आरसीबी नहीं निकालेगी विजयी परेड



**बेंगलुरु।** दो बार की आईपीएल चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पिछली बार से सबक लिया है और इस बार विजयी परेड नहीं निकालने का फैसला किया है। फ्रेंचाइजी ने यह फैसला पिछले साल हुई भगदड़ के बाद लिया है जिससे फैंस की भारी भीड़ इकट्ठा होने से बचा जा सके। पुलिस विभाग के लिए एक और हाई वोलटेज कार्यक्रम के लिए सुरक्षा व्यवस्था मुहैया करा पाना मुश्किल होगा। *एजेंसी*

# नहीं खुला 12वीं का पुनर्मूल्यांकन पोर्टल, छात्र परेशान

**तकनीकी खराबी के कारण आ रही दिक्कतें, आईआईटी कानपुर की टीम ठीक करने में जुटी**

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

सीबीएसई 12वीं के परिणाम के बाद अपने अंकों में सुधार करने के लिए छात्रों का लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के आधिकारिक शेड्यूल के मुताबिक, कक्षा 12वीं के लिए पुनर्मूल्यांकन पोर्टल 1 जून को एक्टिव होना था, लेकिन देर रात तक बोर्ड की मेन वेबसाइट cbse.gov.in पर 'Post-Result Facility' का लिंक एक्टिव नहीं हो सका। कॉपियों की स्क्रूटनी और वेरिफिकेशन के लिए महीनों से इंतजार कर रहे लाखों छात्र-छात्राएं लगातार वेबसाइट को रिफ्रेश कर रहे लेकिन उनके हाथ केवल निराशा ही लगी। इसके चलते स्टूडेंट्स और पेरेंट्स दोनों परेशान रहे। बता दें कि इससे पहले भी तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था, इसी को देखते हुए 29 मई को बोर्ड ने पोर्टल की तारीख बढ़ाकर 1 जून की थी ताकि सिस्टम को 'ग्लिच-फ्री' और सुरक्षित बनाया जा सके।

## कंप्यूटर नहीं, पेन-पेपर मोड में होगा नीट-यूजी री-एग्जाम



उच्चतम न्यायालय ने 21 जून को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2026 पुनः परीक्षा कंप्यूटर के जरिये आयोजित कराने संबंधी याचिका को स्वीकार करने से सोमवार को इनकार कर दिया और कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) पहले से ही कई समस्याओं का सामना कर रही है। न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने राजद सांसद सुधाकर सिंह और अन्य की याचिका को 27 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करते हुए नीट-यूजी को मौजूदा कलम-कागज पद्धति के बजाय कंप्यूटर के जरिये आयोजित करने का आदेश देने से इनकार कर दिया। एनटीए ने 12 मई को, प्रश्न पत्र लीक से जुड़े आरोपों के बीच मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए 3 मई को आयोजित नीट-यूजी को रद्द कर दिया था। फिलहाल इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है और 21 जून को फिर से परीक्षा होनी है।

## पुणे के टीचर ने पेपर उपलब्ध कराया

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने सोमवार को कहा कि पुणे की एक मेडिकल एकेडमी में फिजिक्स फैकल्टी रहे हर्षदकुमार शाह ने क्वेश्चन पेपर अरेंज कराने में भूमिका निभाई थी। एजेंसी के मुताबिक, शाह ने फिजिक्स का प्रश्नपत्र मनीषा हवालदार तक पहुंचाया था। जांच में यही पेपर मनीषा के मोबाइल से बरामद हुआ। इसी मामले में गिरफ्तार डॉ. मनोज शिरुरे, हर्षदकुमार शाह और मनीषा हवालदार को सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने तीनों को 15 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीबीआई ने अदालत को बताया कि डॉ. मनोज शिरुरे पेपर लीक से जुड़े नेटवर्क का हिस्सा थे। एजेंसी का दावा है कि उन्होंने मुख्य आरोपी शिवराज मोटेगांवकर से 5 लाख रुपये लिए थे।

## पहले दिन 1 लाख 10 हजार करोड़ के एमओयू

# मेक इन हरियाणा पॉलिसी लॉन्च 5 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य

- *9 नई सेक्टोरल पॉलिसी, एक स्मार्ट निवेश सुविधा पोर्टल भी लॉन्च*
- *सीएम बोले- इन्वेस्टिंग इन हरियाणा का मतलब है इन्वेस्टिंग इन फ्यूचर*
- *नई पॉलिसी से उद्योग होंगे और सशक्त*
- *निवेश प्रक्रिया सरल होगी, विकास के अवसर अधिक व्यापक होंगे*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को गुरुग्राम में मेक इन हरियाणा इंडस्ट्रियल पॉलिसी को लॉन्च किया। प्रदेश में 5 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य लेकर लॉन्च की गई इस पॉलिसी के पहले ही दिन 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के एमओयू हुए।

■ हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लोगों का अनावरण

इसके साथ-साथ उन्होंने 9 नई सेक्टोरल पॉलिसी, एक स्मार्ट निवेश सुविधा पोर्टल को भी लॉन्च किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लोगों का भी अनावरण किया। इस दौरान संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस नई पॉलिसी से उद्योग और सशक्त होंगे। निवेश प्रक्रिया सरल होगी और विकास के अवसर और अधिक व्यापक होंगे। इससे प्रदेश को एक नई दशा और दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज दुनिया के निवेश करने का तरीका बदल रहा है। आज उद्योग केवल इंसेंटिव ही नहीं देखते। वे इकोसिस्टम भी देखते हैं। वे पूछते हैं कि कौन सा राज्य तेजी से निर्णय ले सकता है? कौन सा राज्य भरोसा दे सकता है? कौन–सा राज्य लंबे समय तक ग्रोथ पार्टनर बन सकता है? यही वह क्षेत्र है, जहां हरियाणा नेतृत्व करने जा रहा है।

### हरियाणा सबसे मजबूत अर्थव्यवस्थाओं में से एक




### यह आर्थिक विकास के अगले चरण का रोडमैप

मेक इन हरियाणा' केवल एक इंडस्ट्रियल पॉलिसी नहीं है। यह हरियाणा के आर्थिक विकास के अगले चरण का रोडमैप है। ऐसा रोडमैप जो, कॉम्पिटिटिवनेस, इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी, एक्सपोर्ट्स, रोजगार और फ्यूचर–रेडी मैन्युफैक्चरिंग पर आधारित है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने निवेशकों से आह्वान किया कि हरियाणा में निवेश कीजिए। हरियाणा के साथ बढ़िए और अपने भविष्य का निर्माण कीजिए। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टिंग इन हरियाणा का मतलब इन्वेस्टिंग इन फ्यूचर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल्द ही हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जाएगा।

### इन कंपनियों ने किया एमओयू

एनटीएफ ग्रुप, औमोवियो, प्रोटेरियल, नेशनल आस्ट्रेलियन बैंक ग्लोबल इनोवेशन सेंटर, सुमितोमो कॉर्पोरेशन इंडिया, रिलायंस एमईटीएल, स्टार वायर, सात्विक ग्रप, ईंडिया सेल एलायंस, गौतम सोलर, वीनस रेमेडिस, वरूण बेवरेजिस, होरिजोन इंडस्ट्रिएल, अनंत राज, वैलसपम वन, स्टार सीमेंट, जीएलएस ग्रुप, एसएमटीए, करनाल फॉर्मा पार्क, यूनिवर्सल सक्सेस एनटरप्राइजेस, रैकबैंक, अंबर ग्रुप। इस मौके पर गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा, पटौदी विधायक बिमला चौधरी, नलवा विधायक रणधीर सिंह पनिहार मौजूद रहे।

**इंडस्ट्री को हरियाणा पर भरोसा :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इंडस्ट्री को हरियाणा पर भरोसा है। ये इन्वेस्टमेंट केवल एक आंकड़ा नहीं हैं। ये नए उद्योग हैं। नई सप्लाई चेन हैं। एमएसएमई के लिए नए अवसर हैं। युवाओं के लिए नए रोजगार हैं।

**स्पीड और ट्रस्ट हमारा ध्येय**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज दुनिया भर की सरकारें एक बात समझ चुकी हैं कि सिर्फ ईज-आफ-डूईंग बिजनेस अब काफी नहीं है। अगला दौर इंटेलिजेंट गवर्नेंस का है। और इसलिए आज हरियाणा इंटेलिजेंट इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन पोर्टल लॉन्च किया है जो बेहद महत्वपूर्ण है। यह पोर्टल सरकार और उद्योगों के बीच काम करने के तरीके को पूरी तरह बदल देगा। हमारा ध्येय स्पीड और ट्रस्ट है। अब इन्वेस्टर्स को अप्रूवर्स, लैंड, इंसेंटिव्स, कम्प्लायंसेज और क्लीयरेंस के लिए अलग–अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सब सुविधाएं एक जगह मिलेंगी। इस पोर्टल के माध्यम से इन्वेस्टर को जीआईएस आधारित लैंड आइडेंटिफिकेशन, ऑटोमेटेड इन्वेस्टमेंट ब्लूप्रिंट, एआई–इनेबल्ड असिस्टेंस, अप्रूवल्स पाथ–वे, इंफ्रास्ट्रक्चर इंफॉर्मेशन और पॉलिसी सपोर्ट, ये सब कुछ एक इंटीग्रेटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा। यह केवल डिजिटाइजेशन नहीं है। यह गवर्नेंस ट्रांसफॉर्मेशन है।

**एनआईए जांच में हैरान करने वाले खुलासे**

# अचानक नहीं हुआ पहलगाम हमला चार वर्ष पहले रची गई थी साजिश

**श्रीनगर (एजेंसी)।** 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले में इस्तेमाल दो मोबाइल फोनों में से एक फोन पाकिस्तान में 2021 में आयात की गई खेप का हिस्सा था। इस खेप का वित्तपोषण कराची स्थित एक बैंक ने किया था, जिसका नाम पहले भी आतंकवाद से जुड़े मामलों में सामने आ चुका है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए की जांच में यह खुलासा किया गया है। पिछले साल जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर हिंदू पर्यटक थे। इस हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में जबरदस्त गिरावट आई थी। भारत ने हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया था, जबकि इस्लामाबाद ने आरोपों से इनकार किया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच हवाई हमले, ड्रोन और भारी मोर्टार फायरिंग के साथ चार दिनों तक सैन्य तनाव रहा। जांच एजेंसियों को अब ऐसे सबूत मिले हैं जो बताते हैं कि यह हमला अचानक नहीं हुआ था। इसकी साजिश सालों से रची जा रही थी।




22 अप्रैल 2025 में हुए हमले में मारे गए 26 लोग

### आईएमईआई नंबर से खुली कुंडली

फोन के आईएमईआई नंबर के जरिए शाओमी ग्लोबल से संपर्क किया गया और इन डिवाइस की सप्लाई हिस्ट्री मांगी गई। कंपनी के रिकॉर्ड से पता चला कि रेडमी 9टी फोन जनवरी 2021 में पाकिस्तान पहुंची एक बड़ी खेप का हिस्सा था। यह खेप कराची की टेक सिराट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने कानूनी तौर पर आयात की थी। रिकॉर्ड के मुताबिक, इस खेप के फंडिंग और लॉजिस्टिक्स में फेसल बैंक का नाम दर्ज है। डिलीवरी का पता भी बैंक के मुख्यालय का था। आपको बता दें कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में बैंक अक्सर आयातकों को लेटर ऑफ क्रेडिट और अन्य वित्तीय सुविधाएं देते हैं। इसलिए, आयात दस्तावेजों में बैंक का नाम होना अपने आप में अपराध का सबूत नहीं माना जा सकता।

## शादी के दिन हेलीकॉप्टर क्रैश में भारतवंशी पायलट की मौत

**जॉर्जिया।** अमेरिका के जॉर्जिया में शादी के कुछ घंटों बाद भारतीय मूल के पायलट की हेलीकॉप्टर हादसे में मौत हो गई। उनकी पत्नी घायल हो गईं और करीब 6 घंटे तक मलबे में फंसी रहीं। डेव फिजी और जेस्नी की शादी 29 मई को डॉसनविल के 'द रिवेरे' वेडिंग वेन्यू में हुई थी। समारोह में करीब 400 मेहमान शामिल हुए थे। जोड़ा शादी के बाद हेलीकॉप्टर से अटलांटा के लिए रवाना हुआ था, लेकिन उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड जांच कर रही है।

**अमेरिका के जॉर्जिया में हादसा, पत्नी का 6 घंटे बाद मलबे से रेस्क्यू**

*एक जून से लागू हुईं नई कीमतें*

## कमर्शियल गैस सिलेंडर 42 रुपये महंगा, छोटू के दाम 11 रुपये बढ़े

**नई दिल्ली।** 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों के दाम बढ़ गए हैं। दिल्ली में इनकी कीमत 42 रुपये बढ़कर 3113.50 रुपये हो गई है। 5 किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडरों की कीमत में भी 11 रुपये की वृद्धि हुई है। अब दिल्ली में ये सिलेंडर 821.50 रुपये में उपलब्ध होंगे। नई कीमतें एक जून से लागू हो गई हैं। हालांकि घरेलू उपयोग वाले एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सिर्फ कमर्शियल और एलटीएफ सिलेंडरों पर ही यह बढ़ोतरी लागू हुई है। बता दें, इससे पहले, 1 मई को 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी हुई थी। तब इसमें 993 रुपये का इजाफा किया गया था। तब दिल्ली में कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 2,078.50 से बढ़कर 3,071.50 हो गई थी। तब 5 किलो वाले 'छोटू' सिलिंडर के भी दाम बढ़े थे। तब इसमें 261 रुपये का इजाफा किया गया था।

**दिल्ली में 3113.50 रुपये हुई कीमत**

## ईरान ने सीजफायर वार्ता रोकी, होर्मुज फिर बंद करने की तैयारी

**तेहरान ने कहा जब तक लेबनान में इजराइली हमले नहीं रुकते, तब तक बातचीत नहीं**

**ईरान ने जवाबी हमले में एयरबेस को निशाना बनाया**
ईरानी राष्ट्रपति के इस्तीफे का दावा

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** ईरान ने अमेरिका के साथ सीजफायर वार्ता रोक दी है। ईरानी न्यूज एजेंसी तस्नीम के मुताबिक, तेहरान ने कहा है कि जब तक लेबनान में इजराइली हमले नहीं रुकते, तब तक मध्यस्थों के जरिए अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं होगी। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान का कहना है कि लेबनान में शांति बनाए रखना सीजफायर की अहम शर्तों में शामिल था। लेकिन अब लेबनान समेत कई मोर्चों पर इस समझौते का उल्लंघन हो रहा है। ईरान ने गाजा और लेबनान में इजराइल की सैन्य कार्रवाई तुरंत रोकने और लेबनानी क्षेत्र से इजराइली सेना की पूरी वापसी की मांग की है। तेहरान का कहना है कि जब तक इन मुद्दों पर उसकी और उसके सहयोगियों मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक बातचीत दोबारा शुरू नहीं होगी। तस्नीम की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ईरान और उसके सहयोगी होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह बंद करने और अन्य मोर्चों को एक्टिव करने के ऑप्शन पर भी विचार कर रहे हैं।

### ईरान ने कुवैत में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें दागीं

अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने दावा किया है कि कुवैत में तैनात अमेरिकी सैनिकों को निशाना बनाकर दागी गईं दो ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया गया। सेना ने कहा कि दोनों मिसाइलों को तुरंत इंटरसेप्ट कर लिया गया। इस घटना में किसी भी अमेरिकी सैनिक को नुकसान नहीं पहुंचा। इस बीच ईरान ने अपने रुख का बचाव किया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि ईरान को उन क्षेत्रीय सैन्य ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई का अधिकार।

*फर्श से अर्श पर : बंगाल में पहला मंत्रिमंडल विस्तार*

# घरों में बर्तन मांजने व झाड़ू-पोछा लगाने वाली कलिता माझी बनीं माननीय मंत्री

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाली नई सरकार के पहले मंत्रिमंडल का सोमवार को विस्तार हुआ। इस दौरान 35 नए मंत्रियों ने शपथ ली। राजभवन के मुख्य हॉल में जब राज्य मंत्री के रूप में कलिता माझी का नाम पुकारा गया, तो वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं और पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। दूसरों के घरों में झाड़ू-पोछा लगाने और बर्तन मांजने वाली कलिता माझी को मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने अपनी कैबिनेट में शामिल किया है। कलिता माझी के मंत्री बनते ही पूरे हुगली जिले और उनके पैतृक गांव में जश्न का माहौल है, जहां लोग ढोल-नगाड़ों और अबीर-गुलाल के साथ अपनी इस 'दीदी' की सफलता का उत्सव मना रहे हैं।



माझी को बर्तन धोने के मिलते थे 2500
■
**पैतृक गांव में जश्न का माहौल**

### टीएमसी ने दो विधायकों को पार्टी से किया निष्कासित

तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर सख्त कदम उठाया है। तृणमूल कांग्रेस ने विधायक ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से निकाल दिया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इन दोनों विधायकों को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण निष्कासित किया गया है। ऋतब्रत बनर्जी उलुबेरिया पूर्व से तृणमूल कांग्रेस के विधायक हैं, जबकि संदीपान साहा एंटाली विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## लुवास के शोधार्थियों ने तैयार किया, पांच स्तरों पर मिलाया जूस

# डायबिटीज के मरीज उठा सकेंगे एलोवेरा बर्फी का लुत्फ

**अलग खबर**

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के शोधार्थियों ने एलोवेरा से विशेष प्रकार की बर्फी तैयार की है। शोधार्थियों का कहना है कि इसमें जहां ऐलोवेरा के औषधीय गुण होंगे वहीं यह स्वास्थ्यवर्धक व पोषणयुक्त भी होगी। एलोवेरा इम्युनिटी बढ़ाने, पाचन सुधारने और एंटीऑक्सीडेंट गुणों के लिए जाना जाता है। खोया बर्फी में एलोवेरा मिलाने से बर्फी में नमी बढ़ी है, जिससे इसकी बनावट अधिक मुलायम और मुंह में घुलने वाली हो गई है। यदि बिना चीनी के बर्फी बनाई जाए तो डायबिटीज के मरीज भी इसका लुत्फ उठा सकते हैं। लुवास की सहायक प्राध्यापिका डॉ. वंदना चौधरी ने बताया कि उनके शोध में खोया बर्फी में अलग-अलग स्तरों 5, 10, 15 और 20 प्रतिशत पर एलोवेरा जूस मिलाकर उसकी गुणवत्ता, स्वाद, नमी, पीएच और रंग का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। इनमें 15 प्रतिशत एलोवेरा जूस ने बर्फी के स्वाद, बनावट और ओवरऑल क्वालिटी के मामले में एक्सपर्ट्स और उपभोक्ताओं ने सबसे बेस्ट और स्वीकार्य पाया। इसका स्वाद लाजवाब रहा।

*एलोवेरा इम्युनिटी बढ़ाने, पाचन सुधारने और एंटीऑक्सीडेंट गुणों के लिए जाना जाता है, ऐसे में यह बर्फी स्वाद और सेहत का बेहतरीन कॉम्बो बनेगी। खोया बर्फी में एलोवेरा मिलाने से बर्फी में नमी बढ़ी है, जिससे इसकी बनावट अधिक मुलायम और मुंह में घुलने वाली हो गई है।*

### प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में सहायक



लुवास की सहायक प्राध्यापिका डॉ. वंदना चौधरी।

डॉ. वंदना चौधरी के अनुसार एलोवेरा में विटामिन ए, सी, ई, फोलिक एसिड, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम के साथ सक्रिय यौगिक पाए जाते हैं, जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। एलोवेरा में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स शरीर को ऑक्सीडेटिव तनाव से बचाने में मदद करते हैं तथा पाचन तंत्र के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी योगदान देते हैं। दूसरी तरफ खोया आधारित बर्फी उच्च गुणवत्ता वाले दुग्ध प्रोटीन, कैल्शियम, फॉस्फोरस तथा ऊर्जा का अच्छा स्रोत है, जो हड्डियों एवं दांतों के स्वास्थ्य, मांसपेशियों के विकास तथा शरीर की दैनिक पोषण आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### केवल स्वाद ही नहीं सेहत भी बढ़िया

लुवास कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार वर्मा का कहना है कि डेयरी टेक्नोलॉजी कॉलेज ने खोया बर्फी में एलोवेरा जूस वेल्यू एड कर बर्फी तैयार की है। अब उपभोक्ता केवल स्वाद नहीं, बल्कि सेहत भी देखता है। इस प्रकार के वैल्यू एडेड मूल्य संवर्धित डेयरी प्रोडक्ट्स से डेयरी उद्योग में नए स्टार्टअप्स के अवसर पैदा होंगे।

## मुख्यमंत्री ने किया एआई सैंडबॉक्स लॉन्च, तकनीक से होगा जनसमस्याओं का समाधान

# सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य व जलापूर्ति सेवाओं को बेहतर बनाएगा एआई

### कृषि, राजस्व, शहरी विकास परिवहन, समाज कल्याण, पर्यावरण सहित सभी विभागों को जोड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को गुरुग्राम में हरियाणा एआई सैंडबॉक्स का लोकार्पण करते हुए कहा कि यह मंच प्रदेश में सुशासन, विकास और नवाचार की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

■ व्यवस्था को संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जाएगा

इसके माध्यम से विभागीय चुनौतियों के तकनीक आधारित समाधान विकसित किए जाएंगे, जिससे अंत्योदय के लक्ष्य को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा एआई सैंडबॉक्स ऐसा मंच है, जहां विभिन्न विभाग अपनी वास्तविक समस्याएं और चुनौतियां साझा करेंगे। इन समस्याओं के समाधान के लिए स्टार्टअप, शोधकर्ता, तकनीकी विशेषज्ञ और प्रौद्योगिकी कंपनियां अपने नवाचार प्रस्तुत करेंगी। समाधानों का सुरक्षित एवं नियंत्रित वातावरण में परीक्षण किया जाएगा, ताकि उनकी उपयोगिता और प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने में हरियाणा एक सशक्त विकास इंजन की भूमिका निभाएगा। सरकार का उद्देश्य शासन व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुखी बनाना है।



### विकास को गति मिलेगी

उन्होंने बताया कि 'म्हारी सड़क' एप के माध्यम से क्षतिग्रस्त सड़कों की पहचान कर मरम्मत कार्य को गति दी जा सकेगी। शिक्षा क्षेत्र में शिक्षकों की आवश्यकता और तैनाती का बेहतर आकलन होगा, जबकि स्वास्थ्य सेवाओं में गंभीर मामलों की समय रहते पहचान संभव होगी। जलापूर्ति संबंधी शिकायतों और रिसाव जैसी समस्याओं का विश्लेषण कर उनके समाधान में भी एआई मददगार साबित होगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि फिलहाल इस पहल की शुरुआत पांच प्रमुख चुनौतियों से की जा रही है, लेकिन भविष्य में कृषि, राजस्व, शहरी विकास, परिवहन, समाज कल्याण, पर्यावरण और उद्योग सहित सभी विभाग इससे जुड़ेंगे। इस अवसर पर वर्ल्ड बैंक इंडिया के एक्टिंग कंट्री डायरेक्टर पॉल प्रोसी भी मौजूद रहे।



### राज्यव्यापी योग अभ्यास अभियान का शुभारंभ

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि योग केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि भारत की महान सांस्कृतिक विरासत और स्वस्थ, संतुलित जीवन का आधार है। उन्होंने सोमवार को गुरुग्राम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में राज्यव्यापी योग अभ्यास अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज पूरी दुनिया इसे अपना रही है। उन्होंने कहा कि 1 जून से 21 जून तक जिला, उपमंडल, ब्लॉक, वार्ड और ग्राम पंचायत स्तर पर योग शिविर लगेंगे।



### बिश्नोई से मिलने पहुंचे मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा की पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल पर टिप्पणी के बाद हुए विवाद के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सोमवार को कुलदीप बिश्नोई से मुलाकात की। कुलदीप के दिल्ली स्थित आवास पर हुई इस मुलाकात के दौरान नायब सैनी ने कुलदीप को गले लगाया और उनके बेटे भव्य बिश्नोई से हाथ मिलाया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कुलदीप बिश्नोई, पत्नी रेणुका बिश्नोई, बेटे भव्य बिश्नोई और एमएलए रणधीर पनिहार के साथ लंच भी किया। इस मुलाकात की जानकारी कुलदीप बिश्नोई ने खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की। बैठक में दोनों नेताओं ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

## जस्टिस शील नागू सहित पांच जज जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू अब सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। शील नागू के साथ चार अन्य न्यायिक अधिकारियों को भी सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 22 और 27 मई 2026 को हुई बैठकों में पांच नामों की अनुशंसा केंद्र सरकार को भेजी थी। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद इन नियुक्तियों का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त होने वालों में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर, मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा, जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण पल्ली तथा वरिष्ठ अधिवक्ता वी. मोहना शामिल हैं।



जस्टिस शील नागू

### जस्टिस मिश्रा कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यरत जस्टिस शील नागू के सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश नियुक्त होने के बाद केंद्र सरकार ने हाई कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति नियमित मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति होने तक प्रभावी रहेगी। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ी मल कॉलेज से अर्थशास्त्र में बीए (ऑनर्स) तथा कैंपस लॉ सेंटर से एलएलबी की पढ़ाई पूरी की।

**चर्चित निठारी सीरियल किलिंग मामले में अहम फैसले दिया**

जस्टिस मिश्रा ने 3 फरवरी 2014 को इलाहाबाद हाई कोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी और 1 फरवरी 2016 को स्थायी न्यायाधीश बने। 21 जुलाई 2025 को उनका तबादला पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में हुआ था। न्यायिक कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण मामलों में फैसले सुनाए हैं। इलाहाबाद हाई कोर्ट में रहते हुए उन्होंने चर्चित निठारी सीरियल किलिंग मामले में अहम निर्णय दिया था।

### एकमुश्त निपटान योजना 28 सितंबर तक प्रभावी

**चंडीगढ़।** सरकार ने व्यापारी वर्ग को बहुत बड़ी राहत देते हुए एक ऐतिहासिक और अत्यंत महत्वपूर्ण फैसला लिया है। प्रदेश के व्यापारियों के लंबे समय से लंबित पड़े टैक्स मामलों के स्थाई और त्वरित निपटान के लिए सरकार ने आधिकारिक तौर पर 'एकमुश्त निपटान योजना-2026' को लागू करने का निर्णय लिया है। प्रवक्ता ने इस योजना के क्रियान्वयन और समय-सीमा की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह विशेष राहत योजना आज यानी 1 जून से शुरू होकर आगामी 28 सितंबर 2026 तक प्रभावी रूप से लागू रहेगी।

### मानव संसाधन विभाग में लिंक अधिकारी नामित

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने मानव संसाधन विभाग में प्रशासनिक कार्यों का सुचारू एवं निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिंक अधिकारी नामित किए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, मानव संसाधन विभाग के निदेशक की अनुपस्थिति में नागरिक उड्डयन विभाग के निदेशक को लिंक अधिकारी-1 तथा विदेश सहयोग विभाग के निदेशक को लिंक अधिकारी-2 नामित किया गया है। संबंधित अधिकारी के अवकाश, प्रशिक्षणअथवा किसी अन्य कारण से अनुपस्थित रहने की स्थिति में ये काम देखेंगे।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलीं अर्चना गुप्ता



**नई दिल्ली।** भाजपा हरियाणा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने सोमवार को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर डॉ. गुप्ता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को महाराजा अग्रसेन की मूर्ति तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। भेंट के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने डॉ. अर्चना गुप्ता को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी और उनके सफल, प्रभावी एवं प्रेरणादायक कार्यकाल की कामना की।

### तीन जिलों में सीएचसी की मंजूरी : आरती राव

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और आमजन तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के तीन अलग-अलग जिलों में नए स्वास्थ्य केंद्र खोलने की प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। इस फैसले के तहत गुरुग्राम, भिवानी और हिसार जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों को शामिल किया गया है। सरकार के इस निर्णय के अनुसार गुरुग्राम जिला के गांव घामडोज में एक नया उप-स्वास्थ्य केंद्र खोला जाएगा, जबकि भिवानी जिला के गांव धनाना तथा हिसार जिला के गांव सिसाय बोला में एक-एक नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की स्थापना की जाएगी।


### किसानों के लिए घाटे का सौदा बनी खेती


**चंडीगढ़।** सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने कहा है कि सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का जो वादा किया था, वह पूरी तरह छलावा साबित हुआ है। आज स्थिति यह है कि खाद, बीज, कीटनाशक, डीजल और कृषि उपकरणों की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि ने किसानों की कमर तोड़ दी है। सैलजा ने कहा कि हाल ही में एनपीके और पोटाश जैसे उर्वरकों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। एनपीके , एनपीके , पोटाश तथा अन्य मिश्रित उर्वरकों के दामों में प्रति बैग सैकड़ों की वृद्धि हुई है। इससे खेती की लागत में हजारों रुपये का अतिरिक्त बोझ किसानों पर पड़ रहा है।

## शिक्षा विभाग का डाटा रोज अपडेट करें, लंबित मामले जल्द निपटाएं

■ शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा ने विभागों का औचक निरीक्षण किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने सोमवार को पंचकूला स्थित उच्चतर शिक्षा एवं मौलिक शिक्षा विभाग के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों की कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की उपस्थिति और लंबित फाइलों की स्थिति का जायजा लिया तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी दी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग का समस्त डाटा प्रतिदिन ऑनलाइन अपडेट किया जाए और लंबित मामलों का निपटारा एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित किया जाए। तय समय सीमा में कार्य पूरा नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। महीपाल ढांडा ने कर्मचारियों के मेडिकल बिलों के भुगतान में देरी पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को उनके वैध भुगतान के लिए परेशान नहीं होना चाहिए। मेडिकल बिलों के निपटान में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल एक बार का निरीक्षण नहीं है। अब हर 15 दिन में विभागीय कार्यों की समीक्षा की जाएगी और निर्देशों की पालना नहीं करने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।





# GALGOTIAS UNIVERSITY

## STUDENTS SET NEW STANDARDS

18 WINNERS at Apple's Swift Student Challenge 2026

RISING FROM 10 LAST YEAR

Highest Number of Winners from any Single Indian University

1st Position 2X Winner
2nd Position 2X Winner
3rd Position
4th Position

Infold — Harshit Gupta, B.Tech CSE, 2022-26
FTR Feel The Road — Abu Shahma Ansari, B.Tech CSE, 2022-26
Sense Shade — Nupur Sharma, B.Tech CSE, 2022-26
Derma Sync — Nancy, B.Tech CSE (AIML) 2023-27
Trace Buds — Abhyansh, B.Tech CSE 2023-27
Cellumina — Ansh Srivastava, B.Tech CSE 2023-27
ALS Assist — Avnish Singh, B.Tech CSE 2023-27
Wave Quest — Kartik Kaushik, B.Tech CSE 2023-27
Mole Verse — Manas Dubey, B.Tech CSE (AI) 2023-27
Melo — Prem Kumar, B. Tech CSE (AI-ML) 2023-37
QuickMath AR — Sumit, B.tech CSE 2023-2027
Metric Mind — Abhinav Gupta, B.Tech CSE, 2022-26
Dyslexia Lens — Anshu Nagar, B.Tech CSE, 2022-26
Salt Quest — Kushagra Kulshrestha, B. Tech CSE,2022-26
Axon Flow — Md Akhlak, B. Tech CSE, 2022–26
Motion Canvas — Rohan Singh Bhojak, B.Tech CSE, 2022-26
Better Speak — Suraj Kumar, B. Tech CSE (Gaming Technology), 2022-26
Vaani — Anish Umar, B.Tech CSE, 2022-26

## Galgotias University Establishes a Powerful iOS Innovation Ecosystem with 35 Apps Live on Apple App Store

When Research, Incubation, and Entrepreneurship align at Galgotias University; our students don't just learn, they solve real-world problems.

AMONGST THE TOP RATED GLOBAL UNIVERSITIES

QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS BY SUBJECT 2026
For Computer Science and Information Systems

Ranked 11th in India amongst Private Universities
Ranked 2nd in Uttar Pradesh amongst Private Universities
Ranked 30th in India amongst all Private and Government Universities
Ranked 601-650 Band Globally

NAAC GRADE A+ Accredited University
THE World University Rankings 2026
nirf National Institutional Ranking Framework (NIRF)

**APPLY TODAY FOR CAREER FOCUSSED 2026–27 UG/PG/DIPLOMA/Ph.D. PROGRAMMES**

Computer Science and Engineering | Electronics and Communication Engineering | Electrical Engineering | Mechanical Engineering | Civil Engineering | Computer Applications and Technology | Defence Technology | Artificial Intelligence | Business | Aviation | Logistics and Supply Chain Management | Tourism Management | Liberal Education | Languages | Finance & Commerce | Basic Sciences | Biosciences and Technology | Forensic Sciences | Agriculture | Law | Pharmacy | Allied Health Sciences | Nursing | Media and Communication Studies | Hospitality | Design | Education | Polytechnic | Vocational Education | Skilling and Entrepreneurship

For Admissions Scan to Apply

GALGOTIAS UNIVERSITY
#GetYourSelfPlaced

NBA B.Pharma Program accredited by NBA

Galgotias Admissions Helpline No.: 9810162221, 9717300418, 9582847072 97173 00343 0120-4370000
Web: www.galgotiasuniversity.edu.in Email: admission@galgotiasuniversity.edu.in

## खबर संक्षेप

### पति का अपनी ही छात्रा से अफेयर, पत्नी ने दी जान

**फरीदाबाद।** सेक्टर 7 में एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटकी मिली। मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि उसके पति का उसकी ही एक छात्रा के साथ अफेयर था। आरोप है कि महिला के पति और उसकी प्रेमिका ने मिलकर हत्या की है। सविता के भाई राम डागर ने बताया कि उनकी बहन की शादी लगभग 18 साल पहले संदीप से हुई थी। शादी के बाद वे फरीदाबाद के सेक्टर-7 में रहने लगे। सविता और संदीप घर पर बच्चों को कोचिंग देते थे। आरोप है कि संदीप के अपनी पूर्व छात्रा के साथ अवैध संबंध थे।

### 16 वर्षीय किशोरी ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

**फतेहाबाद।** लाजपत नगर क्षेत्र में सोमवार सुबह एक 16 वर्षीय किशोरी ने अपने घर में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त मृतका घर पर बिल्कुल अकेली थी। मृतका की मां बिंद्र ने बताया कि वह अपने काम पर गई थी। दोपहर को पड़ोसियों ने सूचना दी। पारिवारिक स्थिति के कारण उसका पति सिरसा में रहता है और उनके दो बेटे भी अपने पिता के साथ ही सिरसा में रहते हैं। मौके से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है।

गुरुग्राम एसटीएफ ने किया ड्रग्स सिंडिकेट के बड़े नेटवर्क का खुलासा, पंजाब से तार जुड़े

# 285 करोड़ की हेरोइन तस्करी का मास्टरमाइंड रोहतक से गिरफ्तार

■ भिवानी से 35 करोड़ की हेरोइन के साथ पकड़ा था हिसार निवासी आरोपी का छोटा भाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



गुरुग्राम। पुलिस की गिरफ्त में नशा तस्करी का मुख्य आरोपी।

पुलिस की गुरुग्राम एसटीएफ ने 285 करोड़ की हेरोइन मामले में एक बड़े नशा तस्करी गिरोह का खुलासा करते हुए उसके मास्टरमाइंड गुरप्रीत को रोहतक से गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले 8 महीनों से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। एसटीएफ ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी गुरप्रीत को रोहतक से पकड़ा। आरोपी को भिवानी की जिला अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है ताकि नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों का पता लगाया जा सके।

सब-इंस्पेक्टर विवेक कुमार के नेतृत्व में एसटीएफ गुरुग्राम की टीम ने 21 मई को भिवानी से रोहित नाम के एक युवक को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने रोहित के कब्जे से 8.940 किलोग्राम हेरोइन बरामद की थी, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 35 करोड़ आंकी गई। इस बरामदगी के संबंध में भिवानी के सिविल लाइंस थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा नंबर 141 दर्ज किया गया था।

### पंजाब में पकड़ी गई थी 250 करोड़ की हेरोइन

रिमांड पर आरोपी रोहित ने कई बड़े खुलासे किए। आरोपी ने बताया कि उसका बड़ा भाई गुरप्रीत निवासी पीरावाली हिसार और उनका एक अन्य साथी राजेंद्र सिंह उर्फ गगनदीप सिंह निवासी कुल गेहणा, लुधियाना, पंजाब मिलकर इस काले कारोबार को चला रहे हैं। रोहित ने बताया कि उसका भाई गुरप्रीत मोहाली में एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा दर्ज एक पुराने मामले में भी आरोपी है। पंजाब में 21 नवंबर 2025 को केस दर्ज किया था, जिसमें 50.14 किलोग्राम हेरोइन पकड़ी थी। इस खेप की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 250 करोड़ रुपये थी। दोनों मामलों को मिलाकर यह पूरा ड्रग रैकेट 285 करोड़ रुपये से अधिक का है। पुलिस उसकी 8 माह से तलाश में थी।

पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से नशे की सप्लाई चेन, पैसों के लेन-देन और नेटवर्क से जुड़े अन्य साथियों के ठिकानों के बारे में पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही इस मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों को भी सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

### एसटीएफ ने दबोचा

एसटीएफ ने एक विशेष टीम का गठन किया। इस टीम में एसआई विवेक कुमार, पीएसआई विपिन, हेड कांस्टेबल सूर्यकांत, हेड कांस्टेबल नरेंद्र कुमार और हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार को शामिल किया गया। टीम ने आरोपी की लोकेशन ट्रेस की और 28 मई को रोहतक में घेराबंदी कर आरोपी गुरप्रीत को गिरफ्तार कर लिया।

### तीन किलो हेरोइन केस में पंजाब के तीन आरोपी काबू

**पंचकूला।** पंचकूला पुलिस ने नशा तस्करी गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 की टीम ने पंजाब के फाजिल्का निवासी महिन्द्र सिंह उर्फ मिन्दी, जसविन्द्र सिंह उर्फ छिन्दी तथा राकेश उर्फ अरमान उर्फ रमेश को दबोचा है। इन तीनों को 3 किलो 89 ग्राम हेरोइन और भारी मात्रा में ड्रग्स मनी के मामले में काबू किया गया है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के अनुसार 5 अप्रैल 2026 को क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 की टीम ने इंचार्ज इंस्पेक्टर दलीप सिंह के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर सेक्टर-20 पंचकूला स्थित श्मशान घाट के समीप लवजोत सिंह उर्फ लव निवासी जलालाबाद, जिला फाजिल्का को गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 6 पैकेटों में कुल 3 किलो 89 ग्राम हेरोइन, दो मोबाइल फोन तथा 14 लाख रुपये की ड्रग्स मनी बरामद हुई थी। इसके बाद पुलिस ने अमृतसर-जालंधर रोड के निकट ब्यास क्षेत्र में दबिश देकर महिन्द्र सिंह, जसविन्द्र सिंह तथा राकेश को गिरफ्तार किया। आरोपियों को अदालत में पेश कर 8 दिन का रिमांड प्राप्त किया गया है।

कुरुक्षेत्र अस्पताल में किशोरी से रेप का मामला

# आरोपी डॉक्टर को पैदल ही अस्पताल लाई पुलिस

■ विभाग ने आरोपी डॉक्टर की सेवाएं समाप्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

पुलिस ने नाबालिग से गलत काम करने के आरोपी बुजुर्ग डॉ. शैलेंद्र शैली को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के मार्गदर्शन में थाना केयूके पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी डॉक्टर ने कान पकड़कर कहा- मुझसे गलती हो गई, माफ कर दो। पुलिस डॉक्टर को अरेस्ट करने के बाद उसका मेडिकल कराने के लिए थाने से पैदल ही बीच बाजार से होते हुए अस्पताल ले आई। इस दौरान आरोपी मुंह छिपाता दिखा।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 31 मई 2026 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में जिला कुरुक्षेत्र वासी एक व्यक्ति ने बताया कि 29 मई को वह तथा उसकी नाबालिग लड़की दवाई लेने एलएनजेपी अस्पताल आए थे। उसे व उसकी नाबालिग लड़की को डॉक्टर ने अलग-अलग वार्डों में दाखिल किया था। 31 मई को जब वह अपनी लड़की से मिलने उसके वार्ड में गया तो उसकी लड़की ने बताया कि 29 मई को आरोपी डॉक्टर ने उसके साथ छेड़छाड़ की तथा उसके साथ गलत काम किया। शिकायत पर प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र सिधु, सहायक उप निरीक्षक सुधीर कुमार, महिला सहायक उप निरीक्षक मुकेश की टीम ने आरोपी डॉ. शैलेंद्र शैली वासी कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी डॉक्टर को अदालत में पेश किया। अदालत के आदेश से 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

### महिला आयोग ने भी लिया संज्ञान



सरकारी अस्पताल में हुए लड़की से रेप के मामले में हरियाणा राज्य महिला आयोग ने संज्ञान लिया। आयोग ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा द्वारा पहले ही डॉक्टर की सेवाएं समाप्त की जा चुकी हैं।

गला घोंटकर की थी युवक की हत्या, रेलवे लाइनों के बीच डाल दिया था शव

# प्रदीप के 6 हत्यारोपी पकड़े, 2 की टांग टूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

पुलिस की सीआईए स्टाफ प्रथम टीम ने बहल निवासी प्रदीप हत्या मामले में मुख्य आरोपी सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान दो आरोपी पुलिस से बचने के लिए भागते वक्त चोटिल हो गए। टांग टूटी होने पर उनको उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया है, जबकि 4 आरोपियों को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रताप पुत्र मेहरचंद निवासी बहल ने थाना बहल में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 मई को शाम करीब 7 बजे उसका पुत्र प्रदीप कुमार घर से गया था, जो काफी देर तक वापस नहीं लौटा। बाद में परिवारजनों को सूचना मिली कि जीआरपी हिसार को सिवानी फाटक के पास एक युवक का शव मिला है, जो प्रदीप कुमार का था।

### पुराने झगड़े को लेकर की थी प्रदीप की हत्या



प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों की मृतक प्रदीप के साथ पुराने झगड़े को लेकर रंजिश थी। इसी रंजिश के चलते सभी आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से 24 मई को आरोपी तनिश ने प्रदीप को बहल स्थित कृष्णा वाटिका में बुलाया। इसके बाद आरोपी उसे बोलेरो कैंपर गाड़ी में बैठाकर इधर-उधर घूमाते रहे तथा बाद में देवराला जाने की बात कहकर साथ ले गए। रास्ते में सभी आरोपियों ने मिलकर प्रदीप के साथ मारपीट की तथा गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद आरोपीयों ने इस हत्या को हादसा दिखाने के लिए प्रदीप के शव को हिसार - राजगढ़ रेलवे लाइन की पटरी पर बीचों-बीच में रख दिया था।



पुलिस की सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक अजय कुमार अपनी टीम के साथ लगातार आरोपियों की तलाश में जुटे हुए थे। 31 मई को पुलिस टीम बस अड्डा कतवार के पास मौजूद थी। सूचना पर कतवार नहर पुलिया के पास रेड कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तनिश पुत्र मनजीत निवासी सुरपुरा कला तथा अमित पुत्र सुरेश निवासी गोपालवास के रूप में हुई। वहीं, एक जून को निगाना पहाड़ी पर रेड कर आरोपी रोहित उर्फ बच्ची निवासी गोपालवास तथा अमित निवासी मंढोली कलां को गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस टीम को देखकर दो आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए गिरने के कारण घायल हो गए। जिनकी पहचान हिमांशु पुत्र विजय कुमार निवासी तलवानी उम्र तथा हरकेश पुत्र कुलदीप निवासी मंढोली कलां के रूप में हुई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# 7 पिस्तौल, 2 बंदूक व 400 कारतूस के साथ दो पकड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सीआईए टीम ने गांव राजपुरा भैण के पास से दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। सीआईए प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि आरोपितों की पहचान गांव राजपुरा भैण निवासी तेजबीर उर्फ तेजा व अरुण के रूप में हुई। दोनों तेजबीर के खेत में मौजूद थे। दोनों के पास से एक बैग से एक पिस्तौल 32 बोर, पांच देसी पिस्तौल 315 बोर, एक पिस्तौल 12 बोर, दो दोनाली बंदूक 12 बोर के अलावा 400 कारतूस बरामद हुए। एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि एक सप्ताह पहले इन्होंने बैंक गार्ड से बंदूक व पिस्तौल छीना था। ढाई महीने पहले स्कीम नंबर 6 से बाइक चोरी की। निर्जन से पैसे छीनने, उचाना में लूट की वारदातों में यह दोनों शामिल थे।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संजय कुमार** मेसर्स श्री श्याम जी ट्रेडिंग कंपनी, प्रोपराइटर/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, पुत्र श्री जगदीश राय गुप्ता, पताः न्यू अनाज मंडी गेट नं. 2 के सामने, जींद, हरियाणा दूसरा पताः मकान नं. 745/35, जनता कॉलोनी, रोहिल्ला हाई स्कूल के पास, रोहतक, हरियाणा ने सी.टी. केस सं. 2520/2019 धारा 138 एन.आई. एक्ट, थाना पटेल नगर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संजय कुमार** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संजय कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील रो बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इराके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि सी.टी. केस सं. 2520/2019 धारा 138 एन. आई. एक्ट, थाना पटेल नगर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **संजय कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **07.07.2026** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री पूनम सिंह,
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (एनआई एक्ट)–04 (पश्चिम),
कमरा नं. 04, एनेक्सी–I,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7148/CD/2026



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | बरवाला में आधुनिक मण्डी में हाई मास्ट लाइटिंग स्थापना, सर्विस लाइन, स्ट्रीट लाइट का प्रावधान और 2 अदद नियंत्रण कक्ष 15'×18' का निर्माण। | 30.05.2026 08.06.2026 | 76,25,008/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812100311 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/45773/I/88/6 दि. 01.06.26

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | आरजीटीपीपी खेदड़, हिसार में आरजीटीपीपी के विभिन्न भवनों की पूर्ण हाईजेनिक क्लीनिंग और अन्य सम्बद्ध कार्यों हेतु एआरसी। | 27.05.2026 11.06.2026 | 1,98,79,870/- | https://etenders.hry.nic.in | 9355869232 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/45776/I/88/6 दि. 01.06.26

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला | एनसीआर, हरियाणा के जिलों हेतु 28 चलायमान खाद्य प्रशिक्षण वैन्स (फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स) की अधिप्राप्ति हेतु निविदा। | 01.06.2026 15.06.2026 | 25,20,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/45777/I/88/6 दि. 01.06.26


# कैथल में तीन हजार रुपये के विवाद में साथी की हथौड़ा मारकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



मृतक कामेश्वर।

भाणा में गन्ने की बंधाई का काम करने आए बिहार के 36 साल के कामेश्वर दास की उसके ही दोस्त ने 3 हजार रुपये के विवाद में शराब के नशे में हथौड़े से हमला कर हत्या कर दी। वारदात रविवार देर रात खेत में बने ट्यूबवेल के कमरे में हुई। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पूंडरी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिहार के शिवहर जिले के तरियानी छपरा निवासी राकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उमेश दास और कामेश्वर दास उर्फ रमेश के साथ पिछले करीब 20 दिनों से गांव भाणा में गन्ने की बंधाई का काम कर रहा था। तीनों खेत में बने ट्यूबवेल के कमरे में रह रहे थे। रविवार रात करीब 9 बजे उमेश दास और कामेश्वर दास शराब पी रहे थे। इसी दौरान करीब तीन हजार की राशि और एक डायरी को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। गुस्से में आए उमेश दास ने कमरे में पड़े हथौड़े से कामेश्वर दास के सिर और कमर पर चार-पांच वार कर दिए। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर खेत मालिक कृष्ण ढुल और उसके परिजन मौके पर पहुंचे। घायल को उपचार के लिए पूंडरी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गई।

पलवल में खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम का कड़ा एक्शन

# स्टॉपेज पर बस नहीं रोकने पर मंत्री ने पीछा कर रुकवाई, छात्राओं को लेने वापस भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलवल

■ आरोपी चालक-परिचालक चार्जशीट



बस स्टॉप पर खड़ी छात्राओं को बिना बैठाए बस भगा ले जाने पर खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम खुद एक्शन मोड में दिखे। गौरव गौतम ने बस का पीछा कर उसे रुकवाया और चालक को कड़ी फटकार लगाते हुए उसे वापस बस स्टॉप पर ले जाने और सभी छात्राओं व यात्रियों को बैठाने के निर्देश दिए। वहीं, पलवल रोडवेज डिपो के जीएम जितेंद्र यादव ने ड्राइवर सोनू और कंडक्टर धर्मेंद्र कुमार को चार्जशीट कर दिया है। जानकारी के अनुसार, कॉलेजों की छुट्टी के बाद कुछ छात्राएं पलवल-बड़ौली मार्ग स्थित बस स्टॉप पर खड़ी थीं। दोपहर करीब 2 बजे हसनपुर से पलवल जा रही हरियाणा रोडवेज की बस वहां पहुंची। छात्राओं ने बस रोकने का इशारा किया, लेकिन ड्राइवर बस नहीं रोककर आगे निकल गया। इसकी जानकारी मिलने पर गौतम ने पीछा कर उसे रुकवाया।

अलर्ट — प्रदेश के सीमावर्ती पेट्रोल पंपों पर रखी जा रही नजर

# तेल तस्करी रोकने को सीमा पर नाकाबंदी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पनपे तनाव के बीच एक तरफ जहां राज्य और केंद्र की भाजपा सरकार पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस आदि की आपूर्ति सुचारू रखने की कवायद में जुटी है वहीं इस माहौल का फायदा उठाने के लिए कालाबाजारी करने वाले कई तरह की अफवाह फैलाने में लगे हैं। हरियाणा के पड़ोसी राज्यों में तेल की अवैध तरीके से ढुलाई की सूचना मिलने के साथ ही अब राज्य सरकार पूरे मामले को गंभीरता से ले रही है। अवैध आपूर्ति पर पैनी नजर रखने के साथ ही हिदायत भी जारी कर दी गई है कि राज्य में जिन-जिन पेट्रोल पंपों पर एकाएक बिक्री में उछाल हुआ है, उनकी बारीकी से जांच पड़ताल की जाए।

तेल तस्करी पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार और संबंधित खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग एक्शन मोड में हैं। राज्य सरकार ने सीमावर्ती जिलों में तेल की असामान्य बिक्री पर रोक लगाने के लिए सख्त निर्देश जारी कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि अब विभागीय अफसरों और विभाग कर्मियों की टीम दैनिक रिकॉर्ड की डिजिटल स्क्रूटनी करेगी और उड़नदस्ते तैनात रहेंगे जो पैनी नजर रखने का काम करेंगे।

सप्लाई चेन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने सख्त चेतावनी जारी की है। सड़कों पर दौड़ने वाले तेल के टैंकरों को रोककर उनके कागजातों की बारीकी से जांच की जा रही है। कोई भी टैंकर बिना वैध बिल, डिलीवरी चालान और सुरक्षा प्रमाणपत्र के ईंधन ले जाता हुआ पाया गया तो उसे तुरंत जब्त कर लिया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले ट्रांसपोर्टरों और डीलरों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### हमारे पास पर्याप्त स्टॉक, अफवाहों में नहीं आएं : मुख्यमंत्री




मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट किया है कि राज्य में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और किसी भी तरह की कोई कमी नहीं है। कुछ असामाजिक तत्व वैश्विक संकट का फायदा उठाकर कालाबाजारी का माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जिन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सरकार ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और पैनिक बाइंग (घबराकर अतिरिक्त खरीदारी) करने से बचें।

### प्रदेश के इन जिलों पर खास फोकस

राज्य के उन जिलों पर खास नजर रखी जा रही है, जहां से तस्करी की आशंका बनी रहती है। चेक पोस्ट और फ्लाइंग स्क्वॉयड का गठन कर कार्रवाई के लिए कहा गया है। अंबाला, पंचकूला, करनाल, पानीपत, सोनीपत, यमुनानगर, पलवल, सिरसा, हिसार और फतेहाबाद जैसे जिलों पर फोकस है। जिनकी सीमा सीधे ही दूसरे राज्यों से सटी है। यहां पर बता दें कि यूपी, पंजाब और राजस्थान के साथ ही हिमाचल से भी राज्य की सीमा लगती है। दूसरी तरफ एनसीआर के जिलों की सीमा दिल्ली और यूपी दोनों ही राज्यों से लगती है। इस तरह के जिलों में 24 घंटे काम करने वाले विशेष चेक पोस्ट स्थापित कर दिए हैं। पुलिस और कर विभाग के संयुक्त उड़नदस्ते गश्त कर रहे हैं।

### केदारनाथ जा रहे भक्तों की बस पलटी पांच घायल

**टिहरी।** केदारनाथ जा रही दिल्ली व हरियाणा के तीर्थ यात्रियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे 5 लोग घायल हो गए। हादसा चंबा-धरासू राष्ट्रीय राजमार्ग पर जौलांगी के पास हुआ। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है। बस गंगोत्री से केदारनाथ धाम की ओर जा रही थी। बस में कुल 23 लोग सवार थे। दुर्घटना में पांच लोगों को हल्की चोटें आईं। हादसे में घायल हुए यात्रियों की पहचान दिल्ली निवासी 56 वर्षीय सरल देवी, हरियाणा के 73 वर्षीय चरण सिंह, गुड़गांव निवासी 52 वर्षीय जयश्री, बल्लभगढ़ की 37 वर्षीय ज्योति और हरियाणा निवासी 65 वर्षीय ओमप्रकाश गोयल के रूप में हुई है। इन सभी घायलों को तत्काल 108 एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय बौराड़ी भेजा गया है। राजस्व विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची।


## उत्तर रेलवे

ई–निविदा

खुली निविदा संख्या 11–अम्बाला/2026–27 दिनांक 01.06.2026

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/एसआरई के तहत एसआरई–यूएमबी सेक्शन पर किमी 214/588-206 पर डाउन साइड स्पैन (2x7.62 मीटर) वाले ब्रिज नंबर 255 साइडिंग के पीएससी स्लैब के साथ स्टील गर्डर का प्रतिस्थापन। | 59,08,541 | 1,18,200 | 12 महीने | 24.06.2026 |
| 2 | MRND – DLPC सेक्शन पर SSE/W/NLDM के अधीन नंगल डैम एवं किरतपुर यार्ड के एप्रोच में अतिक्रमण–प्रवण स्थानों पर सीमा दीवार का प्रावधान (कास्ट–इन – सीटू/ प्रीकास्ट आरसीसी दीवार) | 1,85,27,093 | 3,70,600 | 06 महीने | 24.06.2026 |
| 3 | एडीईएन/बीटीआई के तहत एसएसई/पी.वे/बीटीआई के अनुभाग में टीआरआर (पी) 7.213 टीकेएम लूप लाइनों और यार्ड सुधार कार्यों के संबंध में बीटीआई यार्ड में टीआरआर और अन्य विविध कार्य। | 92,55,053 | 1,85,100 | 10 महीने | 24.06.2026 |
| 4 | यूएमबी – एलडीएच खंड पर दोराहा स्टेशन पर यात्री प्लेटफार्म नंबर 1 को मध्यम स्तर से उच्च स्तर तक बढ़ाने के साथ–साथ 600 मीटर तक विस्तार। | 2,15,79,359 | 4,31,600 | 06 महीने | 24.06.2026 |
| 5 | अम्बाला–लुधियाना सेक्शन पर राजपुरा रेलवे स्टेशन पर मौजूदा फुट ओवर ब्रिज (कोडल जीवन पूरा होने के कारण) के बदले में लुधियाना छोर पर प्लेटफार्म नंबर 1 और प्लेटफार्म नंबर 2/3 को जोड़ने वाले 3.0 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान। | 2,06,33,000 | 4,12,700 | 12 महीने | 24.06.2026 |
| 6 | 1) एडीईएन/यूएमबी के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एम/यूएमबी के अनुभाग में अंबाला कैंट में आरएमआरवी के लिए गैरेज और मौजूदा एआरटी कवर शेड की छत शीट, वैली गटर, आरडब्ल्यूपी, फर्श आदि की मरम्मत का प्रावधान। (2) आरओएच डिपो यूएमबी में शॉवर परीक्षण सुविधाओं का प्रावधान। | 1,01,39,349 | 2,02,800 | 06 महीने | 24.06.2026 |
| 7 | सीनियर डीईएन /II/ यूएमबी के तहत एडीईएन/पीटीए के अनुभाग में टीआरआर (पी) 7.213 टीकेएम लूप लाइनों और यार्ड सुधार कार्यों के संबंध में टीआरआर (3.845 टीकेएम) और अन्य विविध। | 1,03,07,111 | 2,06,200 | 10 महीने | 24/06/2026 |
| 8 | ADEN/BTI के तहत यार्ड सुधार कार्यों के संबंध में SSE/Pway/BNN, BTI और ABS के अनुभाग में विभिन्न यार्डों (BTI यार्ड को छोड़कर) में विविध कार्य। | 1,13,92,499 | 2,27,900 | 10 महीने | 24/06/2026 |

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट/बैंक गारंटी बांड अनुबंध IV के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

1853/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## आईएमडी की चेतावनी

# सावधान! फिर आ रहा 'तूफान' 90 किमी की गति से चलेंगे झोंके

- पूर्वी विदर्भ से दक्षिणी केरल तक एक निम्न दाब रेखा (ट्रफ) फैली हुई है जो अरब सागर से नमी खींच रही है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



पूर्वी राज्यों में बारिश की संभावना

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपने पूर्वानुमानों से जुड़े ताजा बुलेटिन में कहा है कि इस सप्ताह फिर तूफान आने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि उत्तर-पूर्वी भारत और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में छिटपटु से लेकर भारी वर्षा और गरज के साथ तूफान आने की संभावना है। उत्तर-पश्चिमी, मध्य और उससे सटे पूर्वी भारत में इस दौरान 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और इस दौरान तूफानी हवाओं के साथ मध्यम से गंभीर गरज के साथ छिटपुट ओलावृष्टि की भी संभावना है।

आईएमडी ने अपने बुलेटिन में कहा है कि पूर्वी भारत में दक्षिण गंगा बेसिन, पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा के ऊपर भी एक चक्रवाती परिसंचरण मौजूद है। इसकी वजह से झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में तेज आंधी-पानी के आसार हैं।

**6 साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय**

पूर्वोत्तर भारत और दक्षिणी असम के ऊपर भी एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इसकी वजह से असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी से बहुत बारी बारिश हो सकती है। मध्य भारत में दक्षिण-पूर्वी मध्य प्रदेश के ऊपर भी एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है।

## अकाली नेता मजीठिया के ठिकानों पर रेड

**अमृतसर।** मजीठा थाने पर हुए कथित हमले के मामले में शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रमजीत सिंह मजीठिया पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। अमृतसर के एसपी देहात ने बताया कि उनकी तलाश में सोमवार सुबह पंजाब पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापे मारे, लेकिन वे वहां नहीं मिले।

## केरलम में डेढ़ साल के बच्चे की मारपीट से मौत

**तिरुवनंतपुरम।** केरलम के तिरुवनंतपुरम में लगातार शारीरिक प्रताड़ना और मारपीट से डेढ़ साल के बच्चे अर्शित की मौत हो गई। पुलिस ने उसकी मां अखिला (24) और लिव-इन पार्टनर अश्कर (31) को 31 मई को गिरफ्तार किया। आरोपी अश्कर 29 मई की शाम बच्चे को गंभीर हालत में तिरुवनंतपुरम के निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## जेईई एडवांस में बिहार के शुभम टॉपर

- दिल्ली के कबीर दूसरे, झुंझुनूं के जतिन तीसरे नंबर पर
- परीक्षा का कटऑफ बढ़कर 92 हुआ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम यानी जेईई-एडवांस का रिजल्ट रविवार देर रात जारी हुआ। इसमें बिहार के शुभम कुमार टॉपर रहे। दूसरे नंबर पर दिल्ली के कबीर छिल्लर और तीसरे नंबर पर झुंझुनूं (राजस्थान) के जतिन चाहर रहे। टॉप-10 में रहे 6 स्टूडेंट्स ने राजस्थान के कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई की। एजुकेशन एक्सपर्ट के मुताबिक परीक्षा में बैठने वाले कैंडिडेट्स में 31.65% पास हुए। जेईई एडवांस में 1 लाख 79 हजार 694 स्टूडेंट्स शामिल हुए थे। 56 हजार 880 कैंडिडेट्स ने परीक्षा पास की। इस साल परीक्षा का कटऑफ बढ़कर 92 हो गया है। 2025 की तुलना में कटऑफ में 18 अंक का इजाफा हुआ। वहीं, सब्जेक्ट वाइज कटऑफ में जनरल कैटेगरी में 8 अंक बढ़े हैं। सीकर में पढ़े जतिन कुमार चाहर की ऑल इंडिया थर्ड रैंक आई है। जतिन को 319 नंबर मिले। वे मूल रूप से झुंझुनूं जिले के गोठ गांव के हैं। जतिन ने कहा- अपना पूरा फोकस कॉन्सेप्ट क्लियर करने पर रखा। वहीं, कोटा के ही रहने वाले अर्णव गौतम ने 7वीं रैंक हासिल की। एग्जाम में 8वीं रैंक वाले कनिष्क जैन और 10वीं रैंक वाले दर्श सिक्का ने भी कोटा में पढ़ाई की। गर्ल्स कैटेगरी में टॉपर रही आरोही भी कोटा में ही पढ़ी हैं। उनकी 77वीं रैंक है।

## सीबीआई ने आरकॉम के पूर्व एमडी झुनझुनवाला को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एसबीआई के नेतृत्व वाले बैंकों के समूह को 6,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाने के आरोप में रिलायंस कम्युनिकेशन ग्रुप के शीर्ष अधिकारी अमिताभ झुनझुनवाला को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने सोमवार को जानकारी देते हुए बयान में कहा कि वह उस समय रिलायंस कम्युनिकेशन ग्रुप के ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर थे और कॉर्पोरेट फाइनेंस, बैंकिंग और फंड मैनेजमेंट जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का नियंत्रण संभाल रहे थे। जांच एजेंसी ने आगे कहा कि विभिन्न बैंकों से लोन प्राप्त करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। कंपनी द्वारा लोन चुकाने में विफल रहने के कारण खाते एनपीए बन गए हैं। इसके लिए वे रिलायंस कम्युनिकेशंस ग्रुप की कंपनियों के प्रवर्तकों से निर्देश प्राप्त कर रहे थे।

## सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि सामु. स्वा. केन्द्र कालवा ब्लॉक पिल्लुखेडा में काफी मात्रा में लोहे व लकड़ी का कण्डम सामान है जिसकी बोली दिनांक 08.06.2026 को प्रातः 10 बजे सामु. स्वा. केन्द्र कालवा में की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर पहुचकर बोली प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। बोली की नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

**-हस्ता/- प्रवर चिकित्सा अधिकारी, सामु. स्वा. केन्द्र कालवा। (स्वास्थ्य विभाग)**

## आवश्यक सूचना (कारण बताओ नोटिस)

श्री बिजेन्द्र परिचालक संख्या - 18 के विरूद्ध दिनांक 29.01.2025 को कार्यनिरीक्षक गोहाना की रिपोर्ट प्राप्त होने पर कार्यालय के यादि क्रमांक 4487 / ईए / ईसीसी दिनांक 17.01.2025 द्वारा नियम 4 (ख) के तहत आरोप पत्र जारी किया गया। जिसमें आप पर निम्न आरोप लगाए गए कि :

"आप दिनांक 11.10.2024 से लगातार बिना किसी पूर्व सूचना के अपने कार्य से अनुपस्थित चल रहे है।"

जो कि आरोप पत्र आपके मूल पते पर भेजा गया। लेकिन आप द्वारा उक्त आरोप पत्र का कोई जवाब नही दिया गया । इसके बाद कार्यालय के पत्र क्रमांक 4583/ ईसीसी दिनांक 04.12.2025 के द्वारा आपको निजी सुनवाई पर बुलाया गया। जिसका आप द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया गया।

इसके बाद आप की अनुपस्थिती बारे चार अखबारों (दैनिक जागरण दिल्ली, दैनिक जागरण हिसार, दैनिक जागरण पानीपत एवं द ट्रिब्यून, चण्डीगढ) में भी इश्तहार निकलवाए गए ।

इसके उपरान्त इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 7681, ईए/ ईसीसी दिनांक 20.01.2026 के द्वारा यातायात प्रबंधक को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया जांच अधिकारी द्वारा जांच निष्कर्ष के आधार पर आप पर लगाए गए आरोप सत्य सिद्ध होते है। जांच अधिकारी की रिपोर्ट से सहमत होते हुए क्यों न आपकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएं।

अतः आप उपरोक्त के संदर्भ में यदि कोई अभ्यावेदन हो तो लिखित रूप कार्यालय में प्रस्तुत करें। इस संदर्भ में आप अपना अभ्यावेदन, जो भी हो, पत्र प्राप्ति के 7 दिन के अंदर-2 कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

**हस्ता/- महाप्रबन्धक**
**हरियाणा राज्य परिवहन**
**सोनीपत**

पीआरडीएच 1119/11/886/2027/45788/88/6 दि. 01.06.2026

पंजाब में हादसाः

## टूल फैक्ट्री में जहरीली गैस से तीन की मौत

**एजेंसी/लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना में सोमवार तड़के हुए एक दर्दनाक औद्योगिक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। पाना-चाबी बनाने वाली एक फैक्ट्री में अचानक जहरीली गैस का रिसाव होने से वहां काम कर रहे मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में पिता और पुत्र सहित तीन की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि कई अन्य मजदूरों की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद फैक्ट्री परिसर और आसपास के इलाके में दहशत का माहौल बन गया। मृतकों की पहचान मान सिंह और उनके पुत्र अमित के रूप में हुई है, जबकि तीसरे मृतक का नाम श्रीराम है। तीनों फैक्ट्री में कार्यरत थे और रोज की तरह सोमवार सुबह भी अपनी ड्यूटी पर पहुंचे थे।

## कार्यकारी अधिकारी, पंचायत समिति, महेन्द्रगढ़

### जर्जर / कण्डम भवनों को तोड़ने हेतु खुली बोली हेतु आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड विकास एवं पंचायत कार्यालय, महेन्द्रगढ़ में जर्जर / कण्डम हो चुके रिहायश तथा कार्यालय भवन को तोड़ने एवं टूटे मलबे को खुली बोली के माध्यम से दिनांक 08.06.2026 को दोपहर 01.00 बजे इस कार्यालय में निम्नलिखित शर्तों पर बोली छोड़ी जाएगीः

1. खुली बोली छोड़ने के लिए कम से कम 3 बोलीदाताओं का होना अनिवार्य है।
2. उच्चत्तम स्वीकृत बोलीदाता द्वारा अग्रिम / धरोहर राशि मु. 50000/- रू. एक मुश्त मौके पर जमा करवानी होगी।
3. उच्चत्तम स्वीकृत बोलीदाता द्वारा बोली में लगाई राशि तीन दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में जमा करवानी होगी। इसके उपरान्त ही वर्क ऑर्डर जारी किया जाएगा। यदि स्वीकृत बोलीदाता यह राशि तीन दिन के अन्दर जमा नहीं करवाता है तो उसकी अग्रिम/धरोहर राशि को जब्त करते हुए दूसरे उच्चत्तम बोलीदाता के साथ प्रक्रिया अपनाई जाएगी।
4. उक्त दोनों जर्जर भवनों को तोड़ने उपरान्त निकलने वाले मलबे पर बोलीदाता का स्वामित्व होगा, जिसको कार्यालय द्वारा चिन्हित स्थान पर 1 कि.मी. के दायरे में डालना होगा अथवा वह मलबा बोलीदाता अपने साथ ले जा सकता है।
5. स्वीकृत बोलीदाता को वर्क ऑर्डर प्राप्ति के तीन सप्ताह के अन्दर दोनों भवनों को तोड़कर जगह साफ करके कार्यालय को देनी होगी। इस कार्य के लिए कार्यालय द्वारा उसको अलग से कोई राशि मुहैय्या नहीं करवाई जाएगी। इसके अतिरिक्त उसको जीएसटी एवं अन्य टैक्स अलग से भुगतान करना होगा।
6. कमेटी / निम्नहस्ताक्षरी को किसी भी समय यह बोली रद्द करने का अधिकार होगा।
7. अन्य शर्त मौके पर सुनाई जाएंगी।

**हस्ता/- कार्यकारी अधिकारी (पं.स.) एवं**
**खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, महेन्द्रगढ़।**

## जिला बाल कल्याण अधिकारी

### आवश्यकता

Virtual कक्षा बाल भवन, रेवाड़ी एवं बावल के लिये Visiting Coordinator-cum-Operator (Honorarium (negotiable) @ ₹300/-₹500/-per visit (04 hours duration)

**योग्यता :-** स्नातक, कम्प्युटर की अच्छी जानकारी, प्रबंधन में निपुण/आयु 42 से अधिक नहीं।

**आवेदन की अंतिम तिथि :** 05.06.2026 साँय 5 बजे तक।

**हस्ता/- जिला बाल कल्याण अधिकारी।**
**बाल भवन, रेवाड़ी।**

## भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय

खानपुर कलां, सोनीपत

ऑफिस नं. 01263-283038, फैक्स नं. 01263-283779

(बी++ ग्रेड, एनएएसी प्रमाणित)

### विज्ञा. सं. मई/2026/अनुबंधात्मक

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां पूर्णतया अनुबंध आधार पर आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर (एएमओ) मैट्रोन, उप-वैद्य (फार्मासिस्ट), पंचकर्मा तकनीशियन, पंचकर्मा सहायक के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

आवेदन प्राप्ति हेतु अन्तिम तिथि 11.06.2026 है।

अधिक विवरण हेतु कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट अर्थात **www.bpsmv.ac.in** पर पधारें।

संवाद-1239/11/91/2027/45793/सी/88/6 दि. 01.06.26 **रजिस्ट्रार**

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्किल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :-

7471

हमकि अनिल कुमार – विनोद कुमार पुत्रान औमप्रकाश पुत्र रायसिहं, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव लाडपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23 व इंतकाल न0 2785 तबादला, के अनुसार खेवट न0 425/329 मिन, खाता न0 437, मु0 न0 26, किला न0 8/3(3–16), 9/1(4–6), किते 2, तादादी रकबा 8 कनाल 2 मरले का 7/54 भाग, बकदर 1 कनाल 1 मरला (0.13125 एकड़) (जिसमें अनिल कुमार – विनोद कुमार हर दो समभाग), वाका रकबा मौजा लाडपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 26, किला न0 9/1 मिन पश्चिम (1–1), किता 1, तादादी रकबा 1 कनाल 1 मरला (0.13125 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्किल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्किल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :-

SW/JSO/1462

हमकि (1) वेदो विधवा व (2) अशोक पुत्र बालकिशन पुत्र मुलचन्द व (3) सलोचना विधवा व (4) निशांत (5) शुशांत पुत्रान राजेश पुत्र बालकिशन, निवासीगण गांव सौन्धी, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) व (6) सुमन पुत्री बालकिशन पुत्र मुलचन्द हाल आबाद सुमन पत्नी कुलदीप सिहं, निवासी मकान न0 84 बी, इस्लामपुर, गुरूग्राम, हरियाणा–122018 एवं उपरोक्त सभी बिस्वेदारान गांव सौन्धी, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23 व फर्द बदर न0 4, के अनुसार खेवट न0 421/401, खाता न0 426 मिन, मु0 न0 50, किला न0 22/2(7–10), किता 1, तादादी रकबा 7 कनाल 10 मरले का 1/4 भाग, बकदर 1 कनाल 17.5 मरले (0.234375 एकड़) (जिसमें वेदो – अशोक – सुमन हर तीन सभाग 3/16 भाग व सलोचना – निशांत – शुशांत हर तीन समभाग 1/16 भाग) वाका रकबा मौजा सौन्धी, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्किल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्किल को मु0 न0 50, किला न0 22/2 मिन मध्य (1–17.5), किता 1, तादादी रकबा 1 कनाल 17.5 मरले (0.234375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्किल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 01.06.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक की सीमाओं में वार्ड नं. 1, 2, 3, 4, 5, 6 और 8 में नालों/वाटर लॉग्ड एरिया की गाद निकालने हेतु आकलन (2026 की वर्षा ऋतु के लिए ओवरफ्लो और वाटर लॉगिंग के समय में)। | 30.05.2026 06.06.2026 | 24.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक में विभिन्न वार्डों 13, 14, 16, 17, 19 और 22 में नाला/वाटर लॉग्ड एरिया की गाद निकालने हेतु आकलन (2026 की वर्षा ऋतु के लिए ओवरफ्लो और वाटर लॉगिंग के समय में)। | 30.05.2026 06.06.2026 | 24.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/60/45772/I/88/6 दि. 01.06.26

## हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 202674BBE4358D OB4CBDB41A 997BC111AB4010 56HVP/ TENDER ID:2026_HBC_ 517830_1/E-TENDER ENQUIRYNO. 0427202610-41-18/ HVPNL/HRY. DATED 27.04.2026 | "शुद्धिपत्र सं. 3, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 12.06.2026 (13.00 बजे) तक बढ़ा दी गई है।" | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/60/45765/I/88/6 दि. 01.06.26

## बागवानी विभाग (हरियाणा)

प्रदर्शन सह खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र
पुराना न्यायालय रोड, निकट योग आश्रम सिरसा
ई-मेल: ftsirsa@gmail.com

### अधिसूचना :- प्रतिदिन आधारित मानदेय पर रिसोर्स पर्सन

प्रदर्शन सह खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र, सिरसा (बागवानी विभाग हरियाणा) में फल और सब्जी प्रसंस्करण एवं संरक्षण पर प्रशिक्षित महिला प्रशिक्षुओं को मानदेय आधार पर उपयुक्त उम्मीदवार की आवश्यकता।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विशेषज्ञ/प्रशिक्षण अधिकारी/ प्रशिक्षक : | फल और सब्जी प्रसंस्करण एवं संरक्षण विशेषज्ञ |
| 2. | आवश्यक व्यक्तियों की संख्या : | 1 |
| 3. | अवधि : | वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु अथवा वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रशिक्षण/सेमीनार की पूर्णता तक। |
| 4. | योग्यता : | बी.एससी. (फूड साइंस) / बी.एससी. ऑनर्स बागवानी / बी.एससी. ऑनर्स कृषि अथवा एम.एससी. (फूड साइंस) केवल क्वालीफाइड और अनुभवी महिला उम्मीदवारों की आवश्यकता |
| 5. | कार्य अनुभव : | फल और सब्जी प्रसंस्करण एवं संरक्षण के क्षेत्र में स्पेशलाइजेशन न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव |
| 6. | वेतन : | विभाग दिशा-निर्देशों के अनुरूप। |
| 7. | आवेदन तिथि : | अन्तिम तिथि : 08.06.2026 (दस्ती तौर पर कार्यालय में अप. 3:00 बजे तक) |
| 8. | साक्षात्कार तिथि, समय और स्थान : | 09.06.2026 पूर्वा. 11:00 बजे फूड टेक्नोलॉजिस्ट, सिरसा के कार्यालय में केवल पात्र उम्मीदवार को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। |

उम्मीदवार को साक्षात्कार के समय सत्यापित छायाप्रतियों सहित सभी मूल दस्तावेज अवश्य लाने चाहिएं। किसी विवरण हेतु कृपया खाद्य प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला के कार्यालय, सिरसा में सम्पर्क करें अथवा मोबाइल नं. 9996788113 पर सम्पर्क करें। सेवा के नियम एवं शर्तें साक्षात्कार के समय सूचित किए जाएंगे।

**हस्ता/- फूड टेक्नोलॉजिस्ट**
**सिरसा**

पीआरडीएच-1149/11/1111/2027/45761/88/6 दि. 01.06.26

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 220 केवी जीन्द से 220 केवी सब स्टेशन थुआ तक 132 केवी नगूरां की शिफ्टिंग के अधीन वित्तीय वर्ष 2026-27 में एचवीपीएनएल द्वारा (1×40/50 जमा 1×20/25) एमवीए, 132/33 केवी जमा (10/16 जमा 16/20) एमवीए, 132/11 केवी टीएफएस से (2×20/25 जमा 1×40/50) एमवीए, 132/33 केवी जमा (10/16 जमा 16/20) एमवीए, 132/11 केवी टीएफएस तक 132 केवी सब स्टेशन नगूरां (जीन्द) का संवर्धन। | 27.05.2026 08.06.2026 | अनुमानित लागत रु. 22,66,047/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | अतिरिक्त हॉट स्पेयर 132/11 केवी 16/20 एमवीए टी/एफ, जिला सिरसा के प्रावधान द्वारा 132 केवी सब स्टेशन सिकंदरपुर का संवर्धन। | 27.05.2026 08.06.2026 | अनुमानित लागत रु. 32,83,402/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2026-27 जिला सिरसा में एचवीपीएनएल द्वारा (1×40/50 जमा 1×20/25) एमवीए, 132/33 केवी टीएफएस से (2×20/25 जमा एल×40/50) एमवीए, 132/33 केवी टीएफएस तक 132 केवी सब स्टेशन कुरंगवाली का संवर्धन। | 27.05.2026 08.06.2026 | अनुमानित लागत रु. 38,60,418/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 4 | एचवीपीएनएल | 400 केवी सब स्टेशन नुहियावाली में अतिरिक्त 100 एमवीए, 220/132 केवी टी/एफ के प्रावधान द्वारा 400 केवी सब स्टेशन नूहियांवाली का संवर्धन। (रेडियेटर फाउंडेशन, एनआईएफपीईएस ऑयल टैंक और पीएनटी अग्निशमन प्रणाली फाउंडेशन, 220 केवी और 132 केवी एसएफ-6 ब्रेकर फाउंडेशन, सीवीटी'एस फाउंडेशन, एनसीटी फाउंडेशन, मौजूदा ग्रेवल का एकत्रीकरण, सतह खुदाई में मिट्टी कार्य, यार्ड में पीसीसी और यार्ड में ग्रेवल को फैलाना का बकाया कार्य) जिला सिरसा। | 27.05.2026 08.06.2026 | अनुमानित लागत रु. 20,82,025/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 5 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान (01.06.2026 से 31.03.2027 तक) अनुबंध आधार पर एसई सिविल सर्कल एचवीपीएनएल, पंचकूला के तहत 2500 किमी. प्रति माह तक चलाने के लिए एक्सईएन सिविल वर्क्स डिवीजन, सोनीपत (2 अदद), एसई/सिविल-निर्माण-सह-रखरखाव वृत्त, एचवीपीएनएल, पंचकूला (01 अदद) और एक्सईएन सिविल वर्क्स डिवीजन, रोहतक (1 अदद) के कार्यालयों के लिए अनुबंध आधार पर चालकों सहित 04 अदद वाणिज्यिक वाहनों को किराये पर लेना। | 29.05.2026 05.06.2026 | रु. 40,000/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 6 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2026-27 में एचवीपीएनएल द्वारा अतिरिक्त 20/×5एमवीए, 132/33 केवी ट्रांसफॉर्मर की फीडिंग हेतु 132 केवी सब स्टेशन रतिया (फतेहाबाद) में 132/33 केवीजैडटी/एफ बे की रचना और वित्तीय वर्ष 2026-27 में एचवीपीएनएल द्वारा (1×40/50 जमा 1×20/25) एमवीए, 132/33 केवी जमा 10/16एमवीए,132/11केवी टी/एफएस से 2×20/25 जमा 1×40/50) एमवीए 132/33 केवी जमा 10/16 एमवीए, 132/11 केवी टी/एफएस तक 132 केवी सब स्टेशन रतिया (फतेहाबाद) का संवर्धन। | 29.05.2026 09.06.2026 | अनुमानित लागत रु. 41,84,530/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 7 | एचवीपीएनएल | एचवीपीएनएल द्वारा 220 केवी सब स्टेशन भिवानी और 132 केवी सब स्टेशन आईए भिवानी के बीच 33 केवी लिंक लाइन के एस/सी को एकोमॉडेट करने के लिए 220 केवी सब स्टेशन भिवानी बापोरा पर 1 अदद 33 केवी बे की रचना। | 29.05.2026 09.06.2026 | अनुमानित लागत रु. 1,88,112/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 8 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम अर्ध वर्ष में एचवीपीएनएल द्वारा 132 केवी सब स्टेशन आदमपुर में 33 केवी सब स्टेशन मोडा खेड़ा की फीडिंग हेतु 01 अदद 33 केवी बे की रचना। | 29.05.2026 09.06.2026 | अनुमानित लागत रु. 3,42,359/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/160/45757/I/88/6 दि. 01.06.26

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | राजकीय महाविद्यालय रिथोज, जिला गुरूग्राम में विशेष मरम्मत बकाया कार्य (सी.एम. घोषणा सं. 9687 दिनांक 29.11.2014)। | बंद होने की तिथि 06.06.2026 | 49.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में स्वर्ण जयंती राज्य लोनिवि विश्राम गृह हेतु विशेष मरम्मत (फ्लोरिंग)। | बंद होने की तिथि 06.06.2026 | 37.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | हरियाणा नये सचिवालय भवन, सेक्टर-17, चण्डीगढ़ के बाहरी क्षेत्र का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 08.06.2026 | 124.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1724585654 pwd-eecd-chandigarh@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में स्लिप रोड का निर्माण करके डाबरा चौक जंक्शन का सुधार (रोड आईडी 4826)। | बंद होने की तिथि 03.06.2026 | 38.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 5 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | पाउडर रूप में आईएसआई मार्क्ड पॉली एल्यूमीनियम क्लोराइड की खरीद। | 02.06.2026 02.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज पानीपत | गांव सींक, ब्लॉक इसराना :- पानीपत में बीसी चौपाल निकट पशु चिकित्सालय से कुराड़ रोड तक साइड नाला और टो-वॉल सहित आईपीबी सहित फिरनी का निर्माण। | 29.05.2026 05.06.2026 | 77.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9068676922 prexeeng.pnp@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज अम्बाला | एसडीए - गांव कामबासी ब्लॉक बराड़ा में जागीरचंद से संजीव कुमार पुत्र बदामा राम के मकान तक नाला का निर्माण + 2 कार्य। | 30.05.2026 05.06.2026 | 15.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज सोनीपत | गांव ककरोई में लोनिवि रोड से रामजीवन पुत्र श्री किरदार सिंह (निकट एसटीपी प्लांट) के खेत तक बीओई पथ का निर्माण। | बंद होने की तिथि 08.06.2026 | 7.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9268376188 brijmohansdo@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | न्यू कलानौर माइनर के आरडी 17550/आर पर सम्प वैल का निर्माण + 19 कार्य। | बंद होने की तिथि 04.06.2026 | 20.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | सिंचाई विभाग के यांत्रिकी मंडल, फरीदाबाद हेतु मौजूदा मैनुअल एचओटी से ईओटी इलैक्ट्रिक ऑपरेटेड ट्रेवलिंग क्रेन में परिवर्तन द्वारा 05 टन क्षमता के 02 अदद 06 डायरेक्शनल ईओटी क्रेन अप्रूव्ड मेक की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 30.05.2026 11.06.2026 | 14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 172582542 xenproc@gmail.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | वर्ष 2026-27 हेतु बाढ़ का पानी निकालने के लिए 15/20 एचपी इलैक्ट्रिक स्टार डेल्टा स्टार्टर्स की विशेष मरम्मत और 01 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 05.06.2026 | 17.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | खरीफ 2026 हेतु रोड़ी ब्रांच आरडी 47000-109500-टेल (पंजुआना सेक्शन) की आंतरिक सफाई और बाहरी सफाई + 12 कार्य। | बंद होने की तिथि 04.06.2026 | 126.55 लाख | hid.gov.in | 9996665761 xensrs.swd1925@yahoo.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | 1. महेन्द्रगढ़ जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, नारनौल से सम्बन्धित हार्डवेयर और वैद्युत मदों की आपूर्ति, 2. वर्कशॉप डिवीजन चरखी दादरी से सम्बन्धित वैद्युत मदों की आपूर्ति। | 30.05.2026 11.06.2026 | 69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722582542 xenproc@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2027/260/45794/I/88/6 दि. 01.06.26

## खबर संक्षेप

### आरबीआई ने दो महत्वपूर्ण सर्वेक्षण शुरू किए

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को वर्ष 2025-26 के लिए महत्वपूर्ण वार्षिक सर्वेक्षण शुरू करने की घोषणा की, ताकि मार्च 2025-26 के अंत में म्यूचुअल फंड की बाहरी वित्तीय देनदारियों और परिसंपत्तियों के बारे में जानकारी एकत्र की जा सके। आरबीआई ने कहा कि 'म्यूचुअल फंड' की विदेशी वित्तीय देनदारियों और परिसंपत्तियों संबंधी वर्ष 2025-26 के सर्वेक्षण के परिणामों का उपयोग भारत के बाह्य क्षेत्र से संबंधित आंकड़ों के संकलन में किया जाता है।

### पशुधन क्षेत्र में ब्रिक्स देशों के बीच ज्ञान साझा करें : मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने सोमवार को ब्रिक्स देशों के बीच पशुधन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सामूहिक प्रयासों और जानकारी साझा करने का आह्वान किया तथा पशुओं की बीमारियों तथा चारे की कमी जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए नए समाधान खोजने पर जोर दिया। पशुपालन और डेयरी विभाग ने ब्रिक्स कृषि कार्य समूह के तहत 'उन्नत पशुधन प्रौद्योगिकी और चारा प्रणालियों पर एक उच्च-स्तरीय संवाद का आयोजन वर्चुअल माध्यम से किया।

### रुपया 10 पैसे कमजोर होकर 94.95 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव तथा कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच सोमवार को रुपया 10 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.95 पर रहा। कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में डॉलर की मजबूती और इजराइल-लेबनान के बीच जारी तनाव से निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा प्रभावित हुई, जिसका असर भी रुपये पर पड़ा।


### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पांच मई को दी थी मंजूरी

# बैंकों ने ईसीएलजीएस के तहत छोटे उद्यमों को 35,000 करोड़ रुपये के ऋण किए मंजूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संघर्ष से प्रभावित सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों और उद्योगों को बैंकों ने आपातकालीन ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत 35,000 करोड़ रुपये के कर्ज स्वीकृत किए हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पांच मई को इसकी मंजूरी दी थी। इस योजना का उद्देश्य 2.55 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर्ज प्रदान करना है। इसमें मौजूदा वैश्विक संकट से प्रभावित एयरलाइन कंपनियों के लिए 5,000 करोड़ रुपये भी शामिल हैं।

वित्तीय सेवा विभाग के संयुक्त सचिव मनोज मुत्तथिल अयप्पन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि 29 मई तक बैंकों ने लगभग 80,000 आवेदनों को मंजूरी दी है। इनमें 35,194 करोड़ रुपये के ऋण शामिल हैं और 15,720 करोड़ रुपये की गारंटी जारी की गई है। उन्होंने कहा, ''चूंकि हमने एक अच्छा लक्ष्य हासिल कर लिया है, इसलिए उम्मीद है कि ग्राहकों को इस योजना से लाभ होगा...। पूरी प्रक्रिया डिजिटल है और इसे पांच से सात दिन में पूरा किया जा सकता है।''

### एमएसएमई के लिए 100 प्रतिशत ऋण गारंटी कवरेज

इस योजना का उद्देश्य नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) द्वारा सदस्य ऋण संस्थानों (एमएलआई) को एमएसएमई के लिए 100 प्रतिशत और गैर-एमएसएमई के लिए 90 प्रतिशत ऋण गारंटी कवरेज प्रदान करना है। यह गारंटी पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर अल्पकालिक नकदी असंतुलन से निपटने के लिए पात्र उधारकर्ताओं को दी गई अतिरिक्त ऋण सुविधा के तहत चूक राशि के लिए है।

- खाड़ी संघर्ष से प्रभावित एमएसएमई उद्योगों को मिलेगा कर्ज
- उद्देश्य 2 .55 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर्ज प्रदान करना
- वैश्विक संकट से प्रभावित एयरलाइंस कंपनियां भी शामिल



### योजना को व्यापक रूप से उदार बनाया गया

अयप्पन ने कहा, ''योजना को व्यापक रूप से उदार बनाया गया है, ताकि अधिकतम लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सके। केवल वे ग्राहक जो 31 मार्च, 2026 तक एसएमए 2 (विशेष उल्लेखित खाता) के तहत हैं, उन्हें योजना से बाहर रखा गया है।'' एसएमए-2 के रूप में वर्गीकृत ग्राहक वे हैं, जिनका ऋण भुगतान (मूलधन या ब्याज) 60 दिन से अधिक और अधिकतम 90 दिन तक बकाया है।

*रोजगार नुकसान को रोकने समय पर नकदी प्रदान करना : योजना का उद्देश्य कंपनियों को बनाए रखने और रोजगार नुकसान को रोकने के लिए समय पर नकदी प्रदान करना है। यह निर्बाध घरेलू उत्पादन को भी बढ़ावा देगा और परिवेश को मजबूत बनाए रखेगा। इस योजना के तहत, बैंक उनकी मौजूदा कार्यशील पूंजी पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त ऋण प्रदान कर सकते हैं।*

### एयरलाइन के लिए अवधि पहले वितरण से सात वर्ष होगी

*एयरलाइन क्षेत्र के लिए अवधि पहले वितरण की तिथि से सात वर्ष होगी। इसमें दो वर्ष का स्थगन शामिल है। एमएसएमई और गैर-एमएसएमई के लिए यह पहले वितरण की तिथि से पांच वर्ष होगी, जिसमें एक वर्ष का स्थगन शामिल है। फरवरी में शुरू हुए पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम) और एयरलाइन कंपनियों को भारी वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ईसीएलजीएस को पहली बार मई, 2020 में कोरोना वायरस महामारी के दौरान आर्थिक संकट को कम करने के लिए पेश किया गया था।*

# जीएसटी संग्रह मई में 3.2 प्रतिशत बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- वृद्धि वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति में सुधार से हुई
- मई 2025 में सकल जीएसटी संग्रह 1.88 लाख करोड़ रुपये रहा

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई में 3.2 प्रतिशत बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। यह वृद्धि वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति में सुधार तथा आयात से मिलने वाले कर संग्रह में लगातार बढ़ोतरी के कारण हुई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई। मई, 2025 में सकल जीएसटी संग्रह 1.88 लाख करोड़ रुपये रहा था।

घरेलू लेनदेन से मई के दौरान केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) संग्रह 37,397 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) 45,143 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) 51,990 करोड़ रुपये रहा। इस अवधि में कर योग्य वस्तुओं की आपूर्ति में 26.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो घरेलू मांग को दर्शाती है। वहीं सेवाओं के क्षेत्र में यह वृद्धि 22.2 प्रतिशत रही जो घरेलू खपत की मजबूती को दिखाती है। आयात से आईजीएसटी संग्रह 19.1 प्रतिशत बढ़कर मई में 59,654 करोड़ रुपये हो गया जो औद्योगिक क्षमता के विस्तार का संकेत है। जीएसटी 'रिफंड' 2.6 प्रतिशत बढ़कर 27,281 करोड़ रुपये हो गया।'रिफंड' समायोजित करने के बाद, मई में शुद्ध जीएसटी राजस्व 3.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा।

### वैश्विक व्यवधान के बावजूद यह वृद्धि हुई

जैन ने कहा कि सितंबर, 2025 से दरों में तेज कटौती और पिछले कुछ महीनों में भू-राजनीतिक व्यवधानों के बावजूद यह वृद्धि हुई है। साथ ही, वस्तुओं और सेवाओं के आयात तथा घरेलू खपत में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है जो अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाता है।

## खाड़ी तनाव के बीच सोने की कीमत 2,500 रुपये टूटी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 2,500 रुपये टूटकर 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अमेरिका और ईरान के बीच फिर से शुरू हुए सैन्य संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने के बाद वैश्विक बाजारों में आई गिरावट से यहां भी सोने कमजोर पड़ गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में 2,500 रुपये (1.53 प्रतिशत) की गिरावट आई। शुक्रवार को बंद हुई कीमत 1,62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से गिरकर यह 1,60,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गयी। चांदी की कीमतों में भी भारी गिरावट आई और यह 5,000 (या लगभग 2 प्रतिशत) टूटकर 2,69,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,74,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट, सेंसेक्स 508 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई



अनिश्चित वैश्विक संकेतों के बीच स्थानीय शेयर बाजार सोमवार को वित्तीय, एफएमसीजी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली के कारण लगातार चौथे सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 508 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 165 अंक की गिरावट रही।

विश्लेषकों के मुताबिक, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और अमेरिका-ईरान संघर्ष को लेकर अनिश्चितता के कारण घरेलू बाजार दबाव में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 508.40 अंक गिरकर 74,267.34 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में 1,164.25 अंक का उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया। इसी तरह, निफ्टी भी 165.15 अंक गिरकर 23,382.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। इसके उलट टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इंटरग्लोब एविएशन, एचसीएल टेक और टाटा स्टील के शेयरों में तेजी दर्ज की गई। ऑनलाइन ट्रेडिंग मंच एनरिच मनी के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर. ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर चिंता बढ़ी है और इसे लेकर बाजार में सतर्कता का माहौल बना हुआ है।

## औद्योगिक उत्पादन वृद्धि अप्रैल में घटकर 4.9 प्रतिशत पर रही



**नई दिल्ली।** देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि अप्रैल में सालाना आधार पर घटकर 4.9 प्रतिशत रही है। पश्चिम एशिया संकट के बीच ऊर्जा क्षेत्र में सुस्त वृद्धि के कारण औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि कम रही है। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। यह आधार वर्ष में संशोधन कर 2022-23 किये जाने के बाद आईआईपी का पहला आंकड़ा है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि अप्रैल, 2025 में 5.7 प्रतिशत रही थी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि अप्रैल, 2026 के लिए चार क्षेत्रों... खनन और उत्खनन, विनिर्माण, बिजली और गैस आपूर्ति, जल आपूर्ति, दूषित जल और अपशिष्ट प्रबंधन... की वृद्धि दर क्रमशः (-) 5.1 प्रतिशत, 6.2 प्रतिशत, 4.9 प्रतिशत और 6.6 प्रतिशत रही।

### देश के निर्यात में अप्रैल-मई में दहाई अंक में वृद्धि

**नई दिल्ली।** देश के निर्यात में चालू वित्त वर्ष 2026-27 के अप्रैल-मई माह के दौरान दहाई अंक में वृद्धि दर्ज की गई है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि वाणिज्य मंत्रालय भारत के मुक्त व्यापार समझौतों के बारे में जानकारी देने के लिए 1,000 लोगों को नियुक्त करेगा।


**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Ravleen Kaur**
Civil Judge (Junior Division),
**Oriental Bank of Commerce**
Vs.
**ASHWANI S/o Ashok Kumar**
It is, thorefore, prayod that the recovery of sum of Rs. 17822 alongwith Intorost 24 percent.
CNR No. HRRH02-000491-2020
Next Date : 12.08.2026
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**ASHWANI S/o Ashok Kumar**
:-
**R/o H.No. 459/2, Garhi Mohalla, Rohtak**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **12.08.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak*
Sd/- Civil Judge (Junior Division)
Dated, this day of 29.05.2026


## शेयर बाजार में बड़ा बदलाव, 10 मिनट बढ़ा ट्रेडिंग का समय

**मुंबई।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने शेयर बाजार के कारोबार में बड़ा बदलाव करते हुए इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट के सामान्य ट्रेडिंग समय को बढ़ाने का फैसला लिया है। इसके तहत ट्रेडिंग की टाइमिंग में 10 मिनट की बढ़ोतरी की गई है। अब डेरिवेटिव्स मार्केट शाम 3:40 बजे तक खुला रहेगा। एनएसई ने यह भी साफ किया कि डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट के क्लोजिंग प्राइस तय करने के तरीके में कोई बदलाव नहीं होगा। अब क्लोजिंग प्राइस निकालने के लिए इस्तेमाल होने वाला वॉल्यूम वेटेड एवरेज प्राइस 3:10 बजे से 3:40 बजे के बीच हुए सौदों के आधार पर तय होगा। बता दें कि पहले डेरिवेटिव्स मार्केट की क्लोजिंग 3:30 बजे तक हो जाती थी। हालांकि, प्री-ओपन सेशन और ट्रेड मॉडिफिकेशन विंडो के समय में कोई बदलाव नहीं होगा।

### एनएसई ने जारी किया सर्कुलर

एनएसई ने एक सर्कुलर जारी किया। इस सर्कुलर में बताया कि कैश मार्केट में क्लोजिंग ऑक्शन सिस्टम शुरू होने के बाद डेरिवेटिव्स मार्केट के समय को भी उसके अनुरूप किया जा रहा है। सर्कुलर के मुताबिक यह कदम क्लोजिंग ऑक्शन सेशन(सीएएस) लागू करने के तहत उठाया गया है।

### विपुल ऑर्गेनिक्स के मुनाफे में हुई 152 प्रतिशत की वृद्धि

**मुंबई।** विशेष रसायन कंपनी विपुल ऑर्गेनिक्स का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 152.56 प्रतिशत बढ़कर 1.97 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 78 लाख रुपये था। कुल राजस्व 19.67 प्रतिशत बढ़कर 52.62 करोड़ रुपये रहा। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक पोत परिवहन मार्गों में बाधा और कुछ निर्यात में देरी जैसी चुनौतियों के बावजूद हमने अब तक का सबसे मजबूत वित्तीय प्रदर्शन किया है।


**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Ravleen Kaur**
Civil Judge (Junior Division),
**Oriental Bank of Commerce**
Vs.
**Permod Sharma S/o Mohinder Kumar**
It is, thorefore, prayod that the recovery of sum of Rs. 62420.99 alongwith Intorost 24 percent.
CNR No. HRRH02-000487-2020
Next Date : 12.08.2026
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Permod Sharma S/o Mohinder Kumar**
**R/o H.No. 495/32, Shivaji Colony, Rohtak**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **12.08.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak*
Sd/- Civil Judge (Junior Division)
Dated, this day of 22.05.2026



**पूर्व रेलवे**

निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलएचएस-एलसीजी-24ए-4ई-एजेड, दिनांक 27.05.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए एकल नैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। कार्य का नामः हावड़ा मंडल-निम्नलिखित के संबंध में सिग्नलिंग कार्य-अनुसूची ए1-एईएन/आजिमगंज के अधीन रेलवे के रिलिविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 24ए/4(ई) के स्थान पर नए सीमित ऊंचाई के सबवे के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। अनुसूची ए2- एईएन/आजिमगंज के अधीन रेलवे के रिलिविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 24ए/4(ई) के स्थान पर नए सीमित ऊंचाई के सबवे के निर्माण के लिए टेलीकॉम लागत। विज्ञापित मूल्यः रु. 1,63,19,659.67; बयाना राशि/बोली सुरक्षाः रु. 3,26,400; निविदा दस्तावेज की कीमतः रु. 0.00; बोली शुरू होने की तारीखः 08.06.2026. समापन अवधिः 12 महीने। प्रस्ताव की वैधताः 60 दिन। निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 22.06.2026 को 15.00 बजे। निविदा अपलोडिंग की तारीख एवं समयः 27.05.2026 को 18.48 बजे। (HWH-117/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## जेईई-एडवांस्ड 2026: एलन का ऐतिहासिक कीर्तिमान, शुभम आल इंडिया टॉपर



**कोटा।** आईआईटी रुड़की द्वारा जारी जेईई-एडवांस्ड 2026 रिजल्ट्स में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा ने लगातार तीसरे वर्ष ऑल इंडिया रैंक-1 देकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इन रिजल्ट्स के साथ एलन ने अब तक आईआईटी-जेईई में 7 बार ऑल इंडिया रैंक-1 दिए हैं तथा अपने इतिहास में दूसरी बार ऑल इंडिया रैंक-1, 2 और 3 को दोहराया है। इससे पहले वर्ष 2016 में भी एलन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। एलन के विद्यार्थियों ने देश की टॉप-10 रैंक में से 6, टॉप 50 में 24 क्लासरूम स्टूडेंट्स रहे है। यह प्रदर्शन एक बार फिर साबित करता है कि राष्ट्रीय स्तर पर टॉप रैंकर्स तैयार करने में एलन देश का सबसे सफल और लगातार प्रदर्शन करने वाला संस्थान है। देशभर में एलन की सफलता की अगुवाई एलन के कोटा क्लासरूम स्टूडेंट शुभम कुमार ने की। शुभम ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की। श्रेष्ठता के दौर को जारी रखते हुए एलन के ही क्लासरूम स्टूडेंट कबीर छिल्लर ने 360 में से 329 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-2 तथा जतिन चाहर ने 319 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-3 प्राप्त की। इसके साथ ही ऑल इंडिया गर्ल्स टॉपर आरोही देशपांडे भी एलन कोटा क्लासरूम से है। आरोही ने 280 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-77 प्राप्त की है। इसके साथ ही एलन ऑनलाइन लाइव कोर्स से यशवर्धन ने ऑल इंडिया रैंक-52 प्राप्त कर ऑनलाइन में बेस्ट रिजल्ट दिया है। टॉप रैंकर्स की सूची में एलन क्लासरूम प्रोग्राम के स्टूडेंट्स अर्नव गौतम (एआईआर-7), कनिष्क जैन (एआईआर-8), दर्श सिक्का (एआईआर-10) हासिल करते हुए देश की टॉप-10 रैंक में सफलता की संख्या 6 तक पहुंचा दी है। टॉप-10 से आगे बढ़ते हुए देश की टॉप-20 रैंक में एलन के 12 स्टूडेंट्स, टॉप-50 में 24 स्टूडेंट्स शामिल हैं। देश के 7 में से पांच आईआईटी जोन टॉपर एलन क्लासरुम से हैं। इसमें दिल्ली, गुवाहाटी, कानपुर, भुवनेश्वर और रूडकी जोन टॉपर शामिल हैं।


**नगर परिषद, नारनौल**
**आम सूचना**

नगर परिषद नारनौल में शामिल किए गए गांवो (किरारोद अफगान, नसी. बपुर, नूनी अव्वल, मीरपुर, कोजिन्दा) में स्थित नगर परिषद की कृषि योग्य भूमि को वर्ष 2026–27 क लिए फसल बोए जाने हेतु नियम व शर्तानुसार खुली बोली पर दिनांक 08.06.2026 को प्रातः 10.00 बजे से नगर परिषद नारनौल कार्यालय में पट्टे पर छोडी जानी है। इच्छुक बोली दाता दिनांक 08.06.2026 को सिक्योरिटी राशि 10,000 रूपए नगर परिषद कार्यालय में नकद जमा कराकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं केवल सिक्योरिटी राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बोली में भाग लेने का अधिकार होगा व नीलामी की शर्ते मौके पर सुना दी जाएगी।

कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद नारनौल।


### शब्द पहेली - 6244




**बाएँ से दाए**


*1.मूर्ख,बुद्धिहीन-4*
*3.रुई की फसल-3*
*5.वंश,खानदान-2*
*6.आह,पीड़ा भरी ध्वनि-3*
*7.जी,इच्छा,चित्त-2*
*9.पहनना-3*
*11.दास,नौकर,सेवक-5*
*14.अग्नि,आग-3*
*16.चयनित,स्वीकृत-4*
*17.जाति,संप्रदाय-2*
*18.उस समय-2*
*19.आदत,व्यवहार-4*
*23.माला का मोती-3*
*24.लालन-पालन-5*
*27.पूर्णिमा-3*
*28.वश,अधीन-2*
*30.खबर देने वाला-3*
*31.खदान,माइन-2*
*32.आश्रय,पनाह-3*
*33.संपत्ति-4*

**ऊपर से नीचे**

*1.घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2*
*2.धारा के बीच में,अधर में-2,2*
*3.आफत,आपदा-3*
*4.एक समान-2*
*5.गृहपति,चांसलर-4*
*6.दाना-2*
*8.प्रतिकृति,प्रतिरूप-3*
*10.रोकर धनराशि-3*
*12.प्रेम ,आसक्ति-3*
*13.नीर,जल-2*
*15.भाग्य,तकदीर-3*
*17.जंबुल,जांब-3*
*18.टेंशन,परेशानी-3*
*20.काया,बदन-2*
*21.उष्णता-3*
*22.नाश होने योग्य-4*
*23.साम्राज्ञी,रानी-3*
*25.रमण करने योग्य-4*
*26.अदा,चोंचला-3*
*27.पूड़ी,गोलगप्पा-2*
*29.पिता की बहन-2*
*31.उर्वरक,गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2*

### शब्द पहेली- 6243 का हल





## शीर्ष अदालत का वरिष्ठ वकीलों पर बड़ा फैसला

# युवा वकील ही वैकेशन बेंच में दे सकेंगे दलीलें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत में युवा कानूनी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें एक मजबूत मंच देने के उद्देश्य से सोमवार को सुप्रीम कोर्ट नेएक बेहद महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने साफ कर दिया है कि अब नए नामकरण वाले पार्शियल कोर्ट वर्किंग डेज (आंशिक कार्य दिवस) के वरिष्ठ वकीलों को मामलों का उल्लेख करने या बहस करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सोमवार से लागू हुई यह पाबंदी आगामी 12 जुलाई तक प्रभावी रहेगी। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि इस कदम का एकमात्र उद्देश्य जूनियर वकीलों और एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड को देश की सबसे बड़ी अदालत में बहस करने और अपनी प्रतिभा साबित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवधि के दौरान हर हफ्ते तीन से चार बेंच मामलों की सुनवाई करेंगी।

### यह पाबंदी 12 जुलाई तक प्रभावी रहेगी

**वरिष्ठ वकील ने बात रखने की कोशिश की, तो जस्टिस नाथ ने रोक दिया बोले-मेरी अदालत में कोई भी वरिष्ठ नहीं दिखेगा**



### ग्रीष्मकालीन अवकाश की कई पीठों का संदेश

ऐतिहासिक रूप से सुप्रीम कोर्ट के ग्रीष्मकालीन अवकाश के रूप में जाने जाने वाले इस समय को अब 'पार्शियल कोर्ट वर्किंग डेज' का नाम दिया गया है। सोमवार को कोर्ट की कार्यवाही शुरू होते ही कई पीठों ने साफ कर दिया कि सीनियर वकीलों को अब पीछे बैठना होगा ताकि जूनियर साथियों को अदालत का अमूल्य अनुभव मिल सके।

### नियम को पूरी कड़ाई के साथ लागू किया

अदालत की कार्यवाही शुरू होते ही इस नियम को पूरी कड़ाई के साथ लागू किया गया। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पी बी वराले की पीठ में जस्टिस नाथ ने शुरुआत में ही बेहद कड़े लहजे में घोषणा की, "मेरी अदालत में किसी भी सीनियर एडवोकेट को (बहस करने की) अनुमति नहीं दी जाएगी।" सुनवाई के दौरान जब एक वरिष्ठ वकील ने अपनी बात रखने की कोशिश की, तो जस्टिस नाथ ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। उन्होंने दोहराया कि पार्शियल वर्किंग डेज के दौरान सीनियर वकीलों को अपनी बात रखने या बहस करने की इजाजत नहीं होगी। उनके स्थान पर केवल युवा वकीलों और एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड को ही सुना जाएगा।

## अन्नामलाई का भाजपा से मोहभंग!

# नई पार्टी का कर सकते हैं ऐलान अध्यक्ष नवीन से मिलने मांगा समय

**तमिलनाडु भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष को लेकर चर्चाएं तेज**

एजेंसी ⏭ चेन्नई

पूर्व आईपीएस अधिकारी और तमिलनाडु में भाजपा के अहम चेहरों में शुमार के अन्नामलाई के तमिलनाडु भाजपा से अलग होने की अटकलें सामने आ रही हैं। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात के लिए वक्त मांगा है। अन्नामलाई के करीबी लोगों के मुताबिक वे 3 जून को कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। वे अन्नामलाई मक्कल शक्ति इय्यक्कम नाम से अपनी ही पार्टी जल्द शुरू कर सकते हैं।



नितिन नबीन अन्नामलाई

### गठबंधन से थे नाराज

साल 2021 से 2025 तक तमिलनाडु भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने अहम भूमिका निभाई। वे तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में भाजपा के अन्नाद्रमुक के साथ चुनावी गठबंधन से नाराज थे। के फैसले से भी वे खुश नहीं थे। पूरे चुनाव में पार्टी ने उन्हें एक तरह से साइड लाइन कर दिया।

## 'कॉकरोच जनता पार्टी' के संस्थापक छह को लौटेंगे

# आते ही भारत में बवाल की तैयारी समर्थकों से बोले-एयरपोर्ट पर मिलो

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दिपके ने कहा है कि वो 6 जून को भारत वापस आएंगे और दिल्ली में एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने अपने समर्थकों और छात्रों से अपील की कि वो एयरपोर्ट पर उनका स्वागत करें।

इसके बाद सब मिलकर संसद मार्ग थाने जाएंगे और जंतर मंतर पर प्रदर्शन की इजाजत मांगेंगे। अभिजीत दीपके ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो जारी किया है। उन्होंने वीडियो में कहा 'अब वक्त आ गया है कि हम सब एक साथ आएं। संविधान के रास्ते पर चलते हुए शांति से अपनी बात रखें और धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करें। अगर हम मिलकर बोलेंगे तो सरकार को सुनना ही पड़ेगा।




**जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करके शिक्षा मंत्री के इस्तीफ़े की मांग करेंगे**

उनकी मांग है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए। वजह है परीक्षा से जुड़ी गड़बड़ियां, जिनसे लाखों छात्र परेशान हैं। उन्होंने सरकार से जवाबदेही की मांग की है।

### आठ लाख बच्चों ने हमारी पिटीशन पर साइन किया

आठ लाख बच्चों ने हमारी पिटीशन पर साइन किया है, करोड़ों लोगों ने सोशल मीडिया पर इस मांग का समर्थन किया है। देश में दिल्ली, लखनऊ और जयपुर समेत कई जगहों पर इसको लेकर प्रदर्शन भी हो रहे हैं, लेकिन फिर भी इनको कोई फ़र्क नहीं पड़ रहा। नीट के 22 लाख स्टूडेंट्स, सीबीएसई के 17 लाख स्टूडेंट्स, सीयूईटी के 16 लाख स्टूडेंट्स और एसएससी जीडी के 40 लाख स्टूडेंट्स, ऐसे एक करोड़ से ज़्यादा स्टूडेंट्स हैं जिनकी ज़िंदगी के साथ सिस्टम ने मज़ाक किया है। इसकी वजह से स्टूडेंट्स अपने भविष्य को लेकर परेशान हैं और इसकी ज़िम्मेदारी किसी को तो लेनी ही होगी।

## महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव : 40 ने नामांकन दाखिल किए

- 17 सीटों के लिए 18 जून को होगा चुनाव
- उम्मीदवारों के चयन को लेकर विपक्षी खेमों में नाराजगी की चर्चा भी तेज

**मुंबई(भाषा)।** महाराष्ट्र विधान परिषद की 17 सीटों के लिए 18 जून को होने वाले चुनाव के मद्देनजर उद्योगपति अरुण लखानी समेत 40 उम्मीदवारों ने सोमवार को अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इनमें महायुति और विपक्षी महाविकास आघाडी (एमवीए) के उम्मीदवार शामिल हैं। उम्मीदवारों के चयन को लेकर दोनों खेमों में नाराजगी की चर्चा भी तेज रही। सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 11 सीटों पर, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना चार सीटों पर जबकि उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) दो सीटों पर चुनाव लड़ रही है। वहीं, विपक्षी महाविकास आघाडी में कांग्रेस सबसे अधिक आठ सीटों पर, उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना (उबाठा) छह सीटों पर और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) तीन सीटों पर मैदान में है।

## पहनावे पर ध्यान दें महिला शिक्षक: गुलाब देवी



- पता ही नहीं चलता कौन छात्र है और कौन शिक्षक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि शिक्षकों के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी होती है। अभिभावक उन्हें अपना बच्चा सौंपते हैं। ऐसे में जरूरी है कि शिक्षक अपने व्यवहार और पोशाक पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि छात्र उनका सम्मान करें। शिक्षक खुद भी अनुशासित हों जिससे कि छात्र उनका अनुसरण कर सकें। महिला शिक्षक अपने पहनावे पर भी खास ध्यान दें क्योंकि अब कई बार तो पता ही नहीं चलता है कि कौन छात्र है और कौन शिक्षक? माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मेधावी सम्मान समारोह को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के माहौल बदला है अब नकल विहीन परीक्षा होती है पर पहले ऐसा संभव नहीं था।

## कपिल सिब्बल के बिगड़े बोल

# भारत में रहने पर आती है शर्म



**नई दिल्ली।** बंगाल में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले की निंदा करते हुए राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने विवादित बयान दिया है। वरिष्ठ वकील और सांसद कपिल सिब्बल ने टीएमसी सांसद पर हुए हमले पर कहा कि उन्हें ऐसे देश में रहने में शर्म आती है , जहां सत्तारूढ़ पार्टी लोकतंत्र की नींव को नष्ट करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ हिंसा का सहारा लिया जाता है। इस टिप्पणी को लेकर काफी बवाल मचा है।

### देश की सर्वोच्च कोर्ट से करोड़ों कमाते हैं: भाजपा

भाजपा ने अपनी आलोचना करने के लिए सोमवार को राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल पर तीखा हमला बोला और उन पर भारत से नफरत करने' का आरोप लगाते हुए कहा कि वह 2021 में पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हुई हिंसा पर चुप थे। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए वीडियो बयान में राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि सिब्बल ने देश के सुको में वकालत करके करोड़ों रुपये कमाए हैं, फिर भी वह भारत में रहने पर शर्म महसूस करने की बात करते हैं।

## सीबीएसई टेंडर प्रक्रिया में भ्रष्टाचार, 12वीं की आंसरशीट मोबाइल से स्कैन करवाईं: राहुल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सीबीएसई की टेंडर प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि छात्रों की आंसरशीट को ऑटोमैटिक रोबोटिक स्कैनर की बजाय मोबाइल से स्कैन किया गया। राहुल गांधी ने छात्र सार्थक सिद्धांत की एक्स पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि अगस्त में ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम का टेंडर दोबारा जारी किया गया था। उस समय कई जरूरी शर्तें हटा दी गईं और स्कैनिंग की क्वालिटी भी 300 डीपीआई से घटाकर 200 डीपीआई कर दी गई। राहुल ने कहा कि धुंधली आंसरशीट, गायब पन्ने और कई कॉपियों का स्कैन न होना सिर्फ तकनीकी गलती नहीं है। उनके मुताबिक, यह सब किसी खास वेंडर को फायदा पहुंचाने के लिए किए गए कॉन्ट्रैक्ट का नतीजा है।

## शिवकुमार-सिद्धरमैया दिल्ली में, मंत्रिमंडल गठन पर कांग्रेस आलाकमान से करेंगे चर्चा



**नई दिल्ली/ बेंगलुरु (भाषा)।** कर्नाटक के भावी मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया राज्य के अगले मंत्रिमंडल को अंतिम रूप देने के लिए पार्टी आलाकमान से चर्चा करेंगे। सूत्रों का कहना है कि दोनों नेता मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात कर सकते हैं। शिवकुमार और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया सोमवार दोपहर दिल्ली पहुंचे। शिवकुमार बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। कांग्रेस नेतृत्व के कहने पर सिद्धरमैया के इस्तीफा देने के बाद वह इस जिम्मेदारी को संभालने जा रहे हैं। दिल्ली रवाना होने से पहले शिवकुमार ने बेंगलुरु में कहा कि मैं और सिद्धरमैया, दोनों दिल्ली जा रहे हैं।'' हालांकि, उन्होंने इससे अधिक कोई जानकारी साझा नहीं की। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष शिवकुमार तीन जून को शाम चार बजकर पांच मिनट पर लोक भवन परिसर में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इस दौरान कुछ विधायक भी मंत्री पद की शपथ लेंगे। शिवकुमार को शनिवार को औपचारिक रूप से कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया था। कर्नाटक में मुख्यमंत्री सहित मंत्रिपरिषद में अधिकतम 34 मंत्रियों को शामिल किए जाने का प्रावधान है।

## कांग्रेस गणित सुलझाने में जुटी

# रास चुनावः खरगे की वापसी तय कमलनाथ के नाम पर फंसा पेंच

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

18 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही कांग्रेस नेतृत्व की चुनौती बढ़ गई है। नेतृत्व के सामने चुनौती है कि सीनियर लीडर्स को जगह कैसे दी जाए, राज्य-स्तर पर गुटों को कैसे मैनेज किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना है कि वोटों के गणित या क्रॉस-वोटिंग की वजह से पार्टी को सीटों का नुकसान न हो। विपक्ष के कई जाने-माने नेताओं का कार्यकाल खत्म होने वाला है। इस दौड़ में सबसे बड़े नामों में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी शामिल हैं, जिनका राज्यसभा कार्यकाल इस साल खत्म हो रहा है। उम्मीद है कि खरगे ऊपरी सदन में वापस लौटेंगे। ज्यादा दिलचस्प मामला मध्य प्रदेश का है, जहां कांग्रेस की पहुंच में राज्यसभा की सिर्फ एक ही सीट है और उसे कई राजनीतिक पहलुओं पर विचार करना है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ चुनावों से पहले सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाले नामों में से एक बनकर उभरे हैं। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के एक और राज्यसभा कार्यकाल से इनकार करने के बाद यह मुकाबला और भी खुला हो गया है।

- दिग्विजय सिंह ने रास्ता छोड़ा
- क्रॉस-वोटिंग को लेकर रहेगी नजर




हरियाणा सरकार

आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा द्वारा

**हरियाणा एकमुश्त निपटान योजना (OTS)- 2026 का शुभारंभ**



"स्ट्रक्चरल रिफॉर्म्स की बात हो, रेगुलेटरी रिफॉर्म्स की बात हो, पॉलिसी रिफॉर्म की चर्चा हो, प्रोसेस रिफॉर्म की चर्चा हो, कांस्टीट्यूशनल रिफॉर्म करने की जरूरत हो, हर प्रकार के रिफॉर्म्स, ये आज हम मकसद बनाकर के चले हैं।"
- नरेन्द्र मोदी

**1 जून, 2026 से शुरुआत**

**120 दिनों के लिए मान्य**

- **यह स्कीम जीएसटी से पहले के 7 संबंधित टैक्स कानूनों पर लागू होती है :** एचवैट अधिनियम, 2003; सीएसटी अधिनियम, 1956; एलएडीटी अधिनियम, 2000; एन्ट्री टैक्स अधिनियम, 2008; मनोरंजन शुल्क अधिनियम, 1955; हरियाणा सामान्य बिक्री कर अधिनियम, 1973; और हरियाणा सुख–साधन कर अधिनियम, 2007
- अगर बकाया टैक्स की राशि 1 लाख रुपये तक है, तो करदाताओं को अपने बकाया टैक्स, ब्याज और जुर्माने की राशि की माफी पाने के लिए आवेदन करने की जरूरत नहीं है।
- करदाता प्रपत्र – 'सी', 'एफ', 'एच', 'ई1', 'ई2', बिल प्रपत्र/वैट–'सी4', वैट–'डी1' एवं 'डी2', जमा कर सकता है। इन फॉर्मों के सत्यापन के आधार पर बकाया टैक्स मांग को कम किया जाएगा।
- करदाता न्यायालय में लम्बित विवादों को वापस लेकर कर छूट का लाभ ले सकता है।

**सुसंगत कर अधिनियमों के अंतर्गत उपलब्ध छूट निम्नलिखित हैं :–**

1. हरियाणा सामान्य बिक्री कर अधिनियम, 1973 के तहत उपलब्ध कर छूट

| श्रेणी | कर छूट | ब्याज तथा जुर्माना राशि पर छूट |
|---|---|---|
| 1 लाख रुपये तक | 100 % | 100 % |
| 1 लाख रुपये से अधिक | 70 % | |

2. अन्य छह कर अधिनियमों के अधीन उपलब्ध कर छूट

| श्रेणी | कर छूट | ब्याज तथा जुर्माना राशि पर छूट |
|---|---|---|
| 1 लाख रुपये तक | 100 % | 100 % |
| 1 लाख से 10 लाख रुपये तक | 60 % | |
| 10 लाख से 1 करोड़ रुपये तक | 50 % | |
| 1 करोड़ से 10 करोड़ रुपये तक | 40 % | |
| 10 करोड़ से 30 करोड़ रुपये तक | 35 % | |
| 30 करोड़ से 60 करोड़ रुपये तक | 30 % | |
| 60 करोड़ रुपये से अधिक | 0 % | |

आवेदक को प्रत्येक पूर्ववर्ती स्लैब में दी गई छूट का पूर्ण लाभ उसके बकाया कर राशि की संबंधित स्लैब तक मिलेगा।

इसके अंतर्गत आवेदन करने के लिए, कृपया विभाग की वेबसाइट www.haryanatax.gov.in पर जाएं

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

## चिंतन

# अड़ियल रुख ने खटाई में डाली शांति वार्ता

अमेरिका और ईरान के अडियल रुख ने पश्चिम एशिया वार्ता को एक बार फिर खटाई में डाल दिया है। मुश्किल यह है कि दोनों ही देश खुद को जीता हुआ दिखाना चाहते हैं। यह वार्ता जब कुछ आगे बढ़ती है तो दोनों ही देशों के रुख के कारण जल्द ही ठप हो जाती है। एक माह से भी अधिक समय हो गया है। छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें तो दोनों ही देश युद्ध विराम पर सहमत हैं, लेकिन मुश्किल होर्मुज को लेकर है, जिसकी वजह से पूरी दुनिया ऊर्जा संकट से जूझ रही है। भारत समेत कई देशों में ऊर्जा संकट बढ़ने से पेट्रोल, डीजल और गैस के दाम बढ़ रहे हैं। धीरे-धीरे इसका प्रभाव और बढ़ता जा रहा है। इसके कारण पूरी दुनिया परेशान है। क्रूड की कीमतें अभी उच्चस्तर पर बनी हुई हैं। आपूर्ति संकट ने चालू बाजार में तेल की कीमतें बढ़ाई हुई हैं। ऐसा नहीं है कि पेट्रोल डीजल की बढ़ी कीमतों से अमेरिका को नुकसान नहीं हो रहा है। अमेरिका में पेट्रोल (गैसोलीन) की वर्तमान राष्ट्रीय औसत कीमत लगभग 4.39 डॉलर प्रति गैलन (लगभग 96 रुपये प्रति लीटर) हैं। पश्चिम एशिया एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां युद्ध और शांति के बीच की दूरी बेहद कम दिखाई दे रही है। अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव ने न केवल क्षेत्रीय स्थिरता को प्रभावित किया है, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा को भी चुनौती के सामने खड़ा कर दिया है। पिछले एक महीने से अधिक समय से दोनों देशों के बीच प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष वार्ताओं का दौर चल रहा है, लेकिन ठोस नतीजे सामने नहीं आ पाए हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह दोनों पक्षों का अड़ियल रवैया और अपनी-अपनी शर्तों पर समझौता कराने की जिद है। हालांकि हाल के सप्ताहों में बड़े सैन्य टकराव नहीं हुए हैं और दोनों देश युद्धविराम जैसे माहौल को बनाए रखने में सफल रहे हैं, लेकिन इससे स्थायी शांति की उम्मीद नहीं बंधती। असली विवाद होर्मुज जलडमरूमध्य और उससे जुड़े सुरक्षा तथा आर्थिक मुद्दों को लेकर है। दुनिया के कुल समुद्री तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से होकर गुजरता है। ऐसे में यहां किसी भी प्रकार का तनाव वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित करता है। वर्तमान संकट का असर पहले ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में दिखाई दे रहा है, जहां कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं। ऊर्जा संकट का सबसे अधिक प्रभाव विकासशील देशों पर पड़ रहा है। भारत जैसे आयात-निर्भर देशों में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों पर दबाव बढ़ा है। परिवहन लागत बढ़ने से महंगाई का खतरा भी बढ़ जाता है, जिसका असर आम लोगों की जेब पर पड़ता है। यही कारण है कि यूएस-ईरान तनाव अब केवल दो देशों का द्विपक्षीय मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक आर्थिक स्थिरता का प्रश्न बन चुका है। वहीं, अमेरिका में नवंबर में होने वाले चुनाव से पहले ही राष्ट्रपति ट्रंप अपनी पार्टी रिपब्लिकन को जीत की खबर देना चाहते हैं। यही ईरान के साथ वार्ता का जोखिम भरा बिंदू भी है। ट्रंप हर प्रस्ताव को इसी पैमाने पर तौलते हैं। उन्हें हर बार इसके लिए कुछ और चाहिए होता है, जिसके कारण हर बार वार्ता खटाई में पड़ जाती है। देखा जाए तो ट्रंप जैसा समझौता चाहते हैं वैसे में सहमति बनने में कई माह लग सकते हैं। अब सबसे पहले होर्मुज और जरूरी मुद्दों पर सहमति बनाकर हालात सामान्य किए जाएं। इसके बाद समय लेकर जटिल मुद्दे सुलाझाएं जाएं तो यह काफी हद तक तर्कसंगत हो सकता है।



## मुद्दा
मनोज कुमार अग्रवाल

> देश में जिस तरह की सांप्रदायिक नफरत और प्रतिशोध से भरी वारदातें सामने आ रही हैं उससे लगता है कि इन वारदातों के पीछे कोई ऐसी पूरी सुनियोजित साजिश है जो नफरत और खूनी दरिंदगी भरी मानसिकता का बीजारोपण कर रही है। पिछले कुछ समय में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और इस से सटे उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में ऐसी कई बर्बरता भरी वारदातों को अंजाम दिया जा चुका है, जिनसे लगता है कि कानूनी सख्ती के बावजूद दरिंदों में पुलिस और कानून का रंचमात्र भी भय नहीं है। हाल ही में गाजियाबाद के खोड़ा थाना क्षेत्र में बकरीद के दिन एक 17 वर्षीय हिंदू किशोर, सूर्या चौहान की उसके ही पूर्व परिचित मुस्लिम दोस्तों ने बेरहमी से चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी।

# कहां से जन्म ले रही जहरीली मानसिकता

देश के कई इलाकों में जिस तरह की सांप्रदायिक नफरत और प्रतिशोध से भरी वारदातें सामने आती हैं उस से लगता है कि इन वारदातों के पीछे कोई ऐसी पूरी सुनियोजित साजिश रहती है जो नफरत और खूनी दरिंदगी भरी मानसिकता का बीजारोपण करती है पिछले कुछ समय में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और इस से सटे उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में ऐसी कई बर्बरता भरी वारदातों को अंजाम दिया जा चुका है, जिनसे लगता है कि कानूनी सख्ती के बावजूद दरिंदों में पुलिस और कानून का रंचमात्र भय नहीं है। ताज़ा घटनाक्रम में गाजियाबाद से एक बेहद सनसनीखेज और कलेजा कंपा देने वाला मामला सामने आया है। यहां खोड़ा थाना क्षेत्र में बकरीद के दिन एक 17 वर्षीय हिंदू किशोर, सूर्या चौहान की उसके ही पूर्व परिचित मुस्लिम दोस्तों ने बेरहमी से चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। इस खौफनाक वारदात को अंजाम देने से ठीक पहले कट्टरपंथी हमलावरों ने पीड़ित से पूछा, "क्या तुमने कभी बकरा हलाल होते देखा है? आज तुझे दिखाते हैं।" आरोप है कि यह कहते ही उन्होंने सूर्या पर ताबड़तोड़ चाकुओं से हमला कर दिया। नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में इलाज के दौरान तड़प-तड़प कर इस हिंदू लड़के ने दम तोड़ दिया। पुलिस की प्राथमिकी इस पूरी खौफनाक साजिश की गवाही दे रही है। पुलिस ने रविवार के तड़के मुख्य आरोपी असद को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है इस से पहले 3 नामजद आरोपितों को गिरफ्तार किया और 2 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया ।

बता दें मृतक सूर्या चौहान मूल रूप से एटा का रहने वाला था। वह नवनीत विहार, खोड़ा में अपनी मां, बड़े भाई यश चौहान और छोटी बहन के साथ रहता था। उसके पिता कौशलेंद्र की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। सूर्या 11वीं कक्षा का छात्र था। जानकारी के मुताबिक, करीब 8 महीने पहले सूर्या का पड़ोस में रहने वाले असद नाम के युवक से किसी बात पर मामूली विवाद हुआ था। इसी पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए असद ने बकरीद के पवित्र दिन को चुना। 28 मई की दोपहर को असद ने सूर्या को फोन किया। उसने सूर्या को बकरीद की पार्टी के बहाने मिलने के लिए चौधरी स्कूल के पास वाली गली नंबर 2 में बुलाया। सूर्या अपने दोस्त आयुष और विक्की के साथ असद से मिलने पहुंचा था। विक्की और आयुष ने आंखों देखा हाल बताते हुए बेहद चौंकाने वाला खुलासा किया। विक्की ने बताया कि जैसे ही वे गली में पहुंचे, वहां पहले से ही असद, नवाब, फरहान, आतिफ और सारिक समेत 5 से 6 मुस्लिम युवक हथियारों के साथ घात लगाकर बैठे थे बताया जा रहा है कि आते ही उन्होंने सूर्या को चारों तरफ से दबोच लिया। इसके बाद उन्होंने सांप्रदायिक और हिंसक टिप्पणी करते हुए पूछा कि क्या कभी बकरा हलाल होते देखा है? चश्मदीदों के मुताबिक, आरोपितों ने चिल्लाते हुए कहा कि आज बकरीद है और आज कुर्बानी इस हिंदू लड़के की देंगे। यह कहते ही सभी आरोपितों ने सूर्या पर बड़े चाकुओं से हमला बोल दिया। उन्होंने सूर्या के पेट, सीने और शरीर के अन्य हिस्सों पर ताबड़तोड़ कई वार किए। हमला




इतना बर्बर था कि चाकुओं की गोदने की वजह से सूर्या की आंतें तक बाहर आ गईं। मौके पर चीख-पुकार और शोर मच गया। खोड़ा नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष रीना भाटी और विभिन्न हिंदू संगठनों के लोग तुरंत मौके पर जमा हो गए मृतक के भाई यश चौहान द्वारा दी गई तहरीर जानलेवा हमला कर हत्या करने के प्रयास के संबंध में दर्ज कराई गई थी। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि 28 मई को दोपहर करीब 3:30 बजे शिकायतकर्ता का भाई सूर्या अपने दोस्त आयुष (पुत्र मनोज भारती, निवासी नवनीत विहार, खोड़ा) के साथ जा रहा था। तभी खोड़ा की शर्मा डेरी वाली गली में लोकप्रिय विहार का रहने वाला अशद (पुत्र नवाब) मिला।अशद ने अचानक सूर्या के साथ गाली-गलौज करते हुए झगड़ा शुरू कर दिया और फिर जान से मारने की नीयत से उसके पेट में चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस जानलेवा हमले में सूर्या गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसे इलाज के लिए नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। घटना स्थल पर मौजूद हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं में इस हत्या को लेकर गहरा आक्रोश है। उन्होंने योगी सरकार और स्थानीय प्रशासन से माँग की है कि सभी फरार आरोपितों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए। हिंदू समाज का कहना है कि यह केवल दो गुटों की लड़ाई नहीं, बल्कि बहुसंख्यक समाज की सुरक्षा पर सीधा प्रहार है। विभिन्न संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि मुख्य आरोपित असद समेत सभी दोषियों के घरों पर तुरंत बुलडोजर नहीं चलाया गया और उन्हें सख्त सजा नहीं मिली, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। फिलहाल पुलिस स्थिति को नियंत्रण में बता रही है और मुख्य आरोपित की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। यूपी के गाजियाबाद और इस से सटे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के आस-पास के क्षेत्रों में हत्या के कुछ हालिया मामलों में मुस्लिम समुदाय से जुड़े आरोपियों के नाम सामने आए हैं। हालांकि, पुलिस जांच और आधिकारिक रिपोर्टों में इन घटनाओं को सुनियोजित या समुदाय-विशिष्ट घृणा के बजाय मुख्य रूप से आकस्मिक विवादों, पुरानी दुश्मनी या आपसी रंजिश का परिणाम बताया गया है। दो माह पहले जेजे कालोनी उत्तम नगर की नृशंसता भरी वारदात याद होगी यहां हिन्दू त्योहार होली के दिन रंग-बिरंगे पानी के छींटे पड़ने और गुब्बारा लगने को लेकर दो समुदाय से जुड़े परिवारों के बीच विवाद हुआ था। इस घटना में 26 वर्षीय तरुण कुमार की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में हत्या का केस दर्ज कर कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसी दिन यानि होली के दिन ही सिगरेट के विवाद में सूरज नामक 26 वर्षीय हिंदू युवक की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में सादिक नामक आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की। सवाल यह है कि इस तरह की दरिंदगी और बर्बरता की सोच को कौन उकसा रहा है? बकरीद से दो दिन पहले ही गाजियाबाद से सटे हापुड़ जनपद के पिलखुवा में एक शनिदेव प्रतिमा को एक समुदाय विशेष के एक जेहादी ने तोड़ दिया बाद में सीसीटीवी कैमरे के जरिए मिले सबूत से पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। इन दिनों सोशल मीडिया पर भी मनमानी घृणा और विद्वेष की बातें बहुलता से वायरल हो रहीं हैं यह एक स्वस्थ समाज की संरचना को तोड़ रहा है और परस्पर जहरीली सोच तैयार कर रहा है सरकार को गंभीरता से सख्त कदम उठाने चाहिए और इस जहर की फसल को बीजनाश करनी चाहिए ।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन
नृपेन्द्र अभिषेक नृप



# क्या सुरक्षित हैं हमारी राष्ट्रीय परीक्षाएं?

देश में इन दिनों एक बार फिर राष्ट्रीय परीक्षाओं की विश्वसनीयता चर्चा के केंद्र में है। पहले नीट-यूजी के प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा प्रबंधन को लेकर उठे विवादों ने लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों को चिंतित किया था। इसके बाद सीबीएसई की डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली में तकनीकी गड़बड़ियों की खबरें सामने आईं। अब विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली सीयूईटी-यूजी परीक्षा में तकनीकी समस्याओं और परीक्षा केंद्रों पर अव्यवस्थाओं ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। इन घटनाओं ने केवल कुछ परीक्षाओं की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया है, बल्कि उस पूरे तंत्र की विश्वसनीयता को चुनौती दी है, जिस पर करोड़ों युवाओं के सपने और भविष्य आधारित हैं। आज प्रश्न केवल यह नहीं है कि किसी परीक्षा में तकनीकी त्रुटि क्यों हुई, बल्कि यह है कि क्या भारत की परीक्षा व्यवस्था तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया के अनुरूप स्वयं को पर्याप्त रूप से तैयार कर पा रही है। भारत को युवाओं का देश कहा जाता है। यहां हर वर्ष करोड़ों विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेते हैं। इन परीक्षाओं का महत्व केवल नौकरी या प्रवेश तक सीमित नहीं होता, बल्कि ये सामाजिक गतिशीलता, अवसरों की समानता और प्रतिभा के सम्मान का माध्यम भी होती हैं। ऐसे में जब किसी परीक्षा की निष्पक्षता पर संदेह उत्पन्न होता है, तो उसका प्रभाव केवल परिणामों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह युवाओं के मनोबल, व्यवस्था के प्रति विश्वास और लोकतांत्रिक संस्थाओं की साख पर भी पड़ता है। यही कारण है कि हाल के वर्षों में बार-बार सामने आ रही परीक्षा संबंधी समस्याएं एक गंभीर राष्ट्रीय चिंता का विषय बन गई हैं। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की स्थापना वर्ष 2017 में इस उद्देश्य से की गई थी कि देश की प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं का संचालन अधिक पेशेवर, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से किया जा सके। इसके माध्यम से जेईई, नीट, सीयूईटी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं को एक सुव्यवस्थित ढांचे के अंतर्गत लाने का प्रयास किया गया। प्रारंभिक वर्षों में यह व्यवस्था अपेक्षाकृत सफल भी दिखाई दी। डिजिटल तकनीक के उपयोग, ऑनलाइन परीक्षाओं और केंद्रीकृत प्रबंधन ने प्रक्रिया को आधुनिक बनाने में मदद की। किंतु समय के साथ अनेक विवादों और तकनीकी चुनौतियों ने यह संकेत दिया कि केवल संस्थागत ढांचा बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी कार्यकुशलता और जवाबदेही भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। सीयूईटी-यूजी परीक्षा में सामने आई तकनीकी समस्याएं इसी व्यापक संकट का हिस्सा हैं। कई केंद्रों पर सर्वर संबंधी दिक्कतें, कंप्यूटरों की खराबी, लॉगिन में विलंब तथा परीक्षा संचालन में बाधाएं देखने को मिलीं। डिजिटल परीक्षा प्रणाली का मूल उद्देश्य मानवीय त्रुटियों को कम करना और प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाना था, लेकिन जब तकनीक स्वयं समस्या का कारण बन जाए तो विद्यार्थियों के लिए यह दोहरी चुनौती बन जाती है। परीक्षा के दौरान कुछ मिनटों का व्यवधान भी किसी अभ्यर्थी के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या तकनीकी अवसंरचना को पर्याप्त रूप से परखा और मजबूत किया गया था। समस्या का दूसरा महत्वपूर्ण आयाम परीक्षा के बढ़ते डिजिटलीकरण से जुड़ा है। डिजिटल तकनीक निस्संदेह आधुनिक परीक्षा प्रणाली की आवश्यकता है, किंतु इसके साथ अनेक जोखिम भी जुड़े हैं। साइबर सुरक्षा, डेटा संरक्षण, सर्वर क्षमता, नेटवर्क स्थिरता और आपदा प्रबंधन जैसी चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। भारत जैसे विशाल देश में, जहां लाखों विद्यार्थी एक साथ परीक्षा देते हैं, वहां किसी भी तकनीकी विफलता का प्रभाव बहुत व्यापक हो सकता है। इसलिए केवल तकनीक अपनाना पर्याप्त नहीं है; उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण उसका सुरक्षित, विश्वसनीय और निरंतर परीक्षण किया हुआ होना है। नीट, सीबीएसई या सीयूईटी जैसे विवाद केवल अलग-अलग घटनाएं नहीं हैं। ये उस गहरे संस्थागत संकट के संकेत हैं, जो परीक्षा प्रणाली के विभिन्न स्तरों पर मौजूद कमजोरियों को उजागर कर रहे हैं। आवश्यकता केवल तात्कालिक संकट प्रबंधन की नहीं, बल्कि दीर्घकालिक संरचनात्मक सुधारों की है। ऐसी परीक्षा व्यवस्था का निर्माण करना होगा जिसमें तकनीक सहायक बने, बाधा नहीं; प्रशासन जवाबदेह हो, उदासीन नहीं; और सबसे बढ़कर, विद्यार्थियों को यह विश्वास हो कि उनकी सफलता का आधार केवल उनकी प्रतिभा, परिश्रम और योग्यता है। जब यह विश्वास स्थापित होगा, तभी परीक्षा वास्तव में ज्ञान और क्षमता की परीक्षा होगी, न कि व्यवस्था पर भरोसे की।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## शिव कोई नाम नहीं



संकलित
**दर्शन**

मनुष्य की प्रकृति को समझने, हर तरह के मनुष्य के लिए एक रास्ता खोजने के अर्थ में, यह वाकई एक शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला योगदान है। यह उस युग का या उस युग के लिए योगदान नहीं है। सृष्टि का अर्थ है कि जो कुछ नहीं था, वह एक-दूसरे से मिलकर कुछ बन गया। उन्होंने इस सृष्टि को खोलकर एक शून्य की स्थिति में लाने का तरीका खोजा। इसीलिए हमने उन्हें शिव नाम दिया। इसका अर्थ है 'वह जो नहीं है'। जब 'वह जो नहीं है', कुछ या 'जो कुछ है' बन गया, तो हमने उस आयाम को ब्रह्म कहा। शिव को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उन्होंने एक तरीका, एक विधि नहीं, बल्कि हर संभव तरीका बताया कि चरम मुक्ति को कैसे पाएं, जिसका अर्थ है, कुछ से कुछ नहीं तक जाना। शिव कोई नाम नहीं हैं, वह एक वर्णन है। जैसे यह कहना कि कोई डाक्टर है, वकील है या इंजीनियर है, हम कहते हैं कि वह शिव हैं, जीवन को शून्य बनाने वाले। इसे जीवन के विनाशकर्ता के रूप में थोड़ा गलत समझ लिया गया, लेकिन वह भी सही है। बात मात्र यह है कि जब आप 'विनाशकर्ता' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग उसे बुरा समझ लेते हैं। अगर किसी ने 'मुक्तिदाता' कहा होता तो उसे अच्छा माना जाता। धीरे-धीरे 'शून्य करने वाला', 'विनाशकर्ता' बन गया और लोग यह सोचने लगे कि वह बुरे हैं। आप उन्हें कुछ भी कहिए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता- बुद्धिमत्ता की प्रकृति यही है। अगर आपकी बुद्धिमत्ता एक ऊंचाई पर पहुंच जाती है, तो आपको किसी नैतिकता की जरूरत नहीं होगी।


## जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित
**प्रेरणा**

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। वह बाघ भी उसके पीछे दौड़ने लगा। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। तब उन्होंने देखा कि वह तालाब बहुत गहरा नहीं था। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस किचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। वह बाघ भी उसके पास होते हुए भी उसे पकड़ नहीं सका। वह भी धीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्रदूषण व जमाखोरी से देश को बचाएंगे पॉलीमर नोट

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा देश में प्लास्टिक अर्थात पॉलीमर नोटों को प्रचलन में लाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास न केवल भारतीय मुद्रा व्यवस्था के आधुनिकीकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण तथा नकली मुद्रा पर प्रभावी नियंत्रण की दृष्टि से भी ऐतिहासिक साबित हो सकते हैं। यदि यह योजना व्यापक स्तर पर लागू होती है, तो इसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। आरबीआई पिछले एक दशक से पॉलीमर नोटों के प्रचलन की संभावनाओं पर विचार कर रहा है और इस परियोजना पर निरंतर कार्य भी किया जा रहा है। इसके अंतर्गत नोट छापने वाली इकाइयों से लेकर एटीएम मशीनों तक को नई व्यवस्था के अनुरूप तैयार करने की दिशा में प्रयास किए गए हैं। *– संतोष वर्मा, करनाल*

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन में भारतीय कर्मी को बकाया वेतन देने का आदेश

ब्रिटेन में रोजगार न्यायाधिकरण ने भारतीय देखभाल कर्मी को 28,000 पाउंड से अधिक की बकाया मजदूरी और अवकाश वेतन देने का आदेश दिया है। न्यायाधिकरण ने पाया कि भारतीय कर्मी को काम दिलाने की जिम्मेदारी लेने वाली कंपनी उसे काम नहीं दिला सकी। दरअसल 33 वर्षीय शाबिन शाजी स्वास्थ्य एवं देखभाल कर्मी वीजा के तहत ब्रिटेन पहुंचा था। उसने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नौकरी के लिए स्वान केयर सॉल्यूशंस लिमिटेड से आवश्यक 'स्पॉन्सरशिप' प्रमाणपत्र प्राप्त किया था। शाजी ने हाल ही में बर्मिंघम के रोजगार न्यायाधिकरण को बताया कि 'स्पॉन्सर' कंपनी ने न तो उन्हें कोई काम दिया और न ही वेतन का भुगतान किया, जो कि वेतन में अनधिकृत कटौती के समान है। रोजगार न्यायाधीश एडमंड्स ने अपने फैसले में कहा, दावेदार (शाजी) को यह साबित करना था कि उन्हें निर्धारित वेतन का भुगतान नहीं किया गया। मैंने पाया है कि दावेदार 15 अप्रैल 2023 से 21 अप्रैल 2024 तक कंपनी का कर्मचारी था। उसके अनुबंध में सप्ताह 40 घंटे कार्य और 22,880 पाउंड वार्षिक सकल वेतन का प्रावधान था। उन्होंने कहा, इस अवधि के दौरान दावेदार अपने काम के लिए तैयार, इच्छुक और सक्षम था। वह केवल इसलिए काम नहीं कर पाया क्योंकि प्रतिवादी (कंपनी) ने उसे काम उपलब्ध नहीं कराया।



## ऑफ बीट

# कपड़े धोने के पाउडर, तरल डिटर्जेंट में क्या अंतर है?

कपड़े धोने के पाउडर और तरल पदार्थ दोनों में सक्रिय तत्व 'सर्फेक्टेंट' होते हैं, जिन्हें डिटर्जेंट (उत्पाद का नाम) के रूप में भी जाना जाता है। ये आम तौर पर आवेशित या 'आयनिक' अणु होते हैं जिनकी संरचना में दो अलग-अलग भाग होते हैं। एक भाग पानी के साथ और दूसरा भाग तेलीय कणों के साथ क्रिया करता है। यह उपयोगी गुण सर्फेक्टेंट को कपड़ों से ग्रीस और गंदगी को हटाने और पानी के जरिए निकालने की अनुमति देता है। सर्फेक्टेंट बुलबुले भी बना सकते हैं। आपके पानी में घुले धातु के लवण सर्फेक्टेंट के प्रदर्शन को सीमित कर सकते हैं। तथाकथित खारे पानी में बहुत सारे घुले हुए कैल्शियम और मैग्नीशियम लवण होते हैं जो आसानी से साबुन का मैल बना सकते हैं। इसलिए कपड़े धोने के आधुनिक डिटर्जेंट में साबुन के मैल को बनने से रोकने के लिए फॉस्फेट और पानी से कठोर धातुओं को हटाने वाले तत्व होते हैं। कई उत्पादों में 'ऑप्टिकल ब्राइटनर' भी होते हैं। ये रसायन पराबैंगनी प्रकाश को अवशोषित करते हैं और नीली रोशनी छोड़ते हैं, जो सफेद रंग को और सफेद या चमकदार बनाता है। कपड़े धोने के डिटर्जेंट में आम तौर पर सुगंध होती है। इस सुगंध के लिए भी रसायन का उपयोग किया जाता है।



## ट्रेंड

### जहां जरूरी होगा कार्रवाई करेंगे



जमीन, भूमि एवं विकास कार्यालय (एल एंड डीओ) की एक विशेषता है। स्वतंत्रता से पहले भी एल एंड डीओ को जमीन हस्तांतरित की जाती रही है। चूंकि उस समय दिल्ली में राज्य सरकार नहीं थी, इसलिए केंद्र सरकार जमीन की मालिक बनी। अब जहां जरूरी होगा कार्रवाई की जाएगी। **-मनोहर लाल**, केंद्रीय मंत्री

### मैं जनता का पहला सेवक



मेरी राजनीति भी मेरे सूट की तरह ब्लैक एंड व्हाइट होगी। ये रंग साफ सोच और बिना किसी भ्रम के फैसले लेने का संदेश देते हैं। इतने सालों से आपको धोखा देने वालों को छोड़कर आपने भाई को चुना। मैं खुद को मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि जनता का पहला सेवक मानता हूं।
**-विजय थलापति**, सीएम, तमिलनाडु

### राज्य में अराजकता फैली



कुछ विधायकों और सांसदों को डराने-धमकाने या रिश्वत देकर टीएमसी को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। जो लोग टीएमसी छोड़कर गए हैं, उनके जाने से पार्टी का भला ही हुआ है। राज्य में अराजकता पूरी तरह से फैली हुई है।
**-ममता बनर्जी**, पूर्व सीएम, बंगाल

### रोजगार के लिए कदम उठा रहे



मेरा सपना गरीबी-मुक्त समाज देखना है। मैं हमेशा बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के बारे में सोचता हूं। विभिन्न श्रेणियों के तहत दी जाने वाली पेंशन बढ़ाकर 15,000 रुपये प्रतिमाह तक कर दी है। सरकार रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए कदम उठा रही है। **-एन. चंद्रबाबू नायडू**, सीएम, आंध्र प्रदेश

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# युवा खिलाड़ियों की मौजूदगी, नई चुनौतियां स्वीकार करने के लिए करती है प्रेरित : कोहली

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

*भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली ने आईपीएल में अपना सबसे तेज अर्धशतक लगाने और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को लगातार दूसरी ट्रॉफी दिलाने के बाद कहा कि टी20 प्रारुप में अपने खेल को नया रूप देने के लिए उन्हें अपनी सोच में बदलाव करना पड़ा और इस बीच युवा खिलाड़ियों ने भी उन्हें प्रेरित किया। कोहली ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर अरशद खान के खिलाफ शानदार छक्का लगाकर टीम को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाया।*

*कोहली ने 42 गेंद में 9 चौके और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 75 रन की पारी खेलने के बाद प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने पुरस्कार समारोह में कहा, ' यह वही पल है, जिसका हर खिलाड़ी सपना देखता है। मैंने कई बार इस क्षण की कल्पना की थी, खासकर विजयी रन बनाने की। बल्लेबाजी के लिए उतरते समय मैं पूरी तरह सहज था।' कोहली ने कहा, 'मुझे पता था कि रन-चेज़ में क्या करना है। युवा खिलाड़ियों की मौजूदगी आपको लगातार अपने खेल में सुधार करने और नई चुनौतियां स्वीकार करने के लिए प्रेरित करती है।'*

### पूरे टूर्नामेंट में रहा हमारा दबदबा : पाटीदार

अहमदाबाद। आरसीबी ने आईपीएल में अपना दूसरा खिताब उस दिन जीता जब कप्तान रजत पाटीदार अपना 33वां जन्मदिन मना रहे थे, लेकिन इस सुखद संयोग से भी कहीं अधिक वह प्रतियोगिता में अपनी टीम के शुरू से अंत तक के दबदबे से खुश थे। पाटीदार ने कहा, ' ईमानदारी से कहूं तो पिछले साल बहुत दबाव था। इस साल टूर्नामेंट में हमारे प्रदर्शन की वजह से माहौल काफी शांत रहा। मुझे लगता है कि हमने न सिर्फ अच्छा खेल दिखाया, बल्कि इस साल हमने टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाए रखा।' उन्होंने कहा, ''हमें पूरा भरोसा था कि अगर हम इसी तरह खेलते रहे तो हम निश्चित रूप से दूसरा खिताब जीतने में सफल रहेंगे।' पाटीदार ने इसके साथ ही अन्य टीम को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी टीम लगातार तीसरा खिताब जीतने के लिए भी कोई कसर नहीं छोड़ेगी।



### विजय जुलूस नहीं निकालेगा आरसीबी

अहमदाबाद। पिछले साल की भगदड़ और 11 लोगों की मौत को ध्यान में रखते हुए आरसीबी ने आईपीएल में लगातार दूसरी खिताबी जीत के लिए विजय जुलूस नहीं निकालने का फैसला किया है। आरसीबी के एक सूत्र ने कहा, 'बेंगलुरु में किसी भी प्रकार का जश्न मनाने की संभावना बहुत कम है। कुछ दिशानिर्देश निर्धारित हैं और हमें उनका पालन करना होगा।' इस बीच बेंगलुरु शहर के पुलिस आयुक्त सीमंथ कुमार सिंह ने कहा, 'हम किसी भी प्रकार के सार्वजनिक समारोह की अनुमति नहीं देंगे। यदि कोई जश्न मनाना चाहता है तो वह घर के अंदर मना सकता है।'

### आरसीबी के प्रशंसकों ने पूरी रात मनाया जश्न

*बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के उत्साही प्रशंसकों ने अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में अपनी टीम की लगातार दूसरी खिताबी जीत का संयमित होकर पूरी रात जश्न मनाया और स्थानीय पुलिस ने भी यह सुनिश्चित किया कि 'विजय उत्सव' बेकाबू न हो जाए। पिछले साल खिताब जीतने के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में 11 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। उसे घटना को ध्यान में रखते हुए बेंगलुरु पुलिस ने शहर के उन प्रमुख इलाकों में गश्त की, जहां रविवार रात मोटेरा में गुजरात टाइटन्स पर आरसीबी की शानदार जीत के बाद प्रशंसक जमा हुए थे। पुलिस की घेराबंदी के बावजूद लोगों ने पूरी रात जश्न मनाया लेकिन इस बार किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं घटी। विजय उत्सव में शामिल एक प्रशंसक ने कहा, ' हमें खुशी है कि आरसीबी ने लगातार दो खिताब जीते हैं, लेकिन फाइनल एकतरफा रहा। हमें उम्मीद थी कि गुजरात टाइटंस कड़ी चुनौती पेश करेगा।' दिल्ली से आए एक प्रशंसक ने कहा, 'मैं विराट कोहली का प्रशंसक हूं और इसीलिए मैं आरसीबी का समर्थन करता हूं। मुझे खुशी है कि आज रात दोनों ने अच्छा प्रदर्शन किया।' बेंगलुरु पुलिस ने आरसीबी की जीत की संभावना को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर के मुख्य क्षेत्रों के आसपास गश्त शुरू कर दी थी।*

## खबर संक्षेप



### पीएम मोदी ने 19 पदक जीतने पर भारतीय टीम को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण पदकों सहित 19 पदक जीतने वाले भारतीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह शानदार प्रदर्शन खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दर्शाता है। भारत ने हांगकांग में आयोजित की गई चार दिवसीय प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य सहित कुल 19 पदक जीतकर चीन (14 स्वर्ण, नौ रजत, दो कांस्य) के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण पदकों सहित 19 पदक जीतने के लिए भारतीय टीम को हार्दिक बधाई। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन भारत के युवा एथलीटों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दर्शाता है।


### टॉप्स विकास समूह में 22 नौकायन खिलाड़ी शामिल



**नई दिल्ली।** जापान के आइची-नागोया में सितंबर-अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों के मद्देनजर नौकायन (रोइंग) के 22 खिलाड़ियों को सोमवार को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के विकास समूह में शामिल किया गया। यह फैसला मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की 174वीं बैठक में लिया गया। भारतीय नौकायन संघ (आरएफआई) की ओर से वार्षिक राष्ट्रीय चयन ट्रायल और विभिन्न नौकाओं के लिए दलों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद खिलाड़ियों की सूची जारी की गई। विकास समूह में शामिल प्रमुख खिलाड़ियों में पेरिस ओलंपिक 2024 में हिस्सा लेने वाले बलराज पंवार, 2022 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता अरविंद सिंह और दो पदक जीत चुके जसविंदर सिंह शामिल हैं। कुल 22 खिलाड़ियों को छह विभिन्न नौका वर्गों में टॉप्स विकास समूह में शामिल किया गया है।

### आईजीपीएल राइजिंग स्टार्स संयुक्त 12वें स्थान पर कार्तिक

**अल जदीदा।** भारत के उभरते हुए गोल्फर कार्तिक सिंह ने आईजीपीएल मोरक्को राइजिंग स्टार्स 2026 के अंतिम दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाकर संयुक्त 12वां स्थान हासिल किया। आखिरी



नौ होल में एक डबल बोगी और एक बोगी करने के बावजूद कार्तिक का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इस बीच थाईलैंड के तानापत पिचैकूल ने बांग्लादेश के अनुभवी खिलाड़ी सिद्दीकुर रहमान को दो शॉट से हराकर खिताब जीता। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने तीसरे दौर में आठ अंडर 64 के स्कोर के बाद दो शॉट की बढ़त बना ली थी। उन्होंने अंतिम दौर में दो अंडर 70 का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त को बरकरार रखा। उन्होंने कुल 9 अंडर का स्कोर बनाया।

## आईपीएल 2026 समीक्षा : टाइटन्स ने अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में बनाई पहचान

# आरसीबी और गुजरात का शानदार सफर एमआई-एलएसजी को करना होगा मंथन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने एक और बेहद सफल सत्र में शानदार प्रदर्शन किया, गुजरात टाइटन्स ने प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी निरंतरता बनाए रखी लेकिन आईपीएल की बड़ी टीम मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने निराशाजनक प्रदर्शन के बाद 2026 सत्र के खत्म होने से पहले ही अगले सत्र के लिए बदलाव की प्रक्रिया शुरू कर दी। टी20 क्रिकेट में कोई भी टीम किसी को भी हरा सकती है और लीग की प्रकृति में यह बात साफ दिखी क्योंकि प्लेऑफ में जगह बनाने वाली टीम का फैसला लीग चरण के आखिरी दिन हुआ। आरसीबी, गुजरात टाइटन्स और सनराइजर्स हैदराबाद लीग चरण के आखिरी दिन से पहले ही क्वालीफाई कर चुकी थीं, लेकिन राजस्थान रॉयल्स 24 मई को मुंबई इंडियंस को हराकर चौथी टीम के तौर पर प्लेऑफ में शामिल हो गई, जिसने आखिरी दिन पंजाब किंग्स को बाहर कर दिया।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

18 साल से आईपीएल खिताब का इंतजार कर रही इस फ्रेंचाइजी ने पिछले सत्र में अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद अब जीत को अपनी आदत बना लिया है। एंडी फ्लावर और मो बोबाट के नेतृत्व वाले 'थिंक टैंक' ने एक ऐसी चैंपियन टीम तैयार की है, जो मैदान पर जबरदस्त प्रदर्शन कर रही है। विराट कोहली अपने करियर के इस पड़ाव पर भी युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने के लिए लगातार अपने खेल में नए प्रयोग कर रहे हैं।

### गुजरात टाइटन्स

टाइटन्स ने अपने छोटे से आईपीएल इतिहास में सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने पांच सत्र में तीन बार फाइनल में जगह बनाई है, जिसमें अपने पहले ही सत्र में ख़िताब जीतना भी शामिल है। शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर ने लगातार रन बनाए। अगर कभी ये खिलाड़ी नाकाम रहे तो मध्यक्रम उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सका, जिससे इसी विभाग को वह अगली नीलामी में मजबूत करना चाहेगी।

### सनराइजर्स हैदराबाद

पैट कमिंस की कप्तानी वाली इस टीम ने धीमी शुरुआत के बाद इस सत्र में ज्यादा कुछ गलत नहीं किया। हालाकि 'एलिमिनेटर' में वैभव सूर्यवंशी और जोफ्रा आर्चर के शानदार प्रदर्शन के आगे उन्हें हार का सामना करना पड़ा। उनके लिए सकारात्मक चीज प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन जैसे तेज गेंदबाजों का उभरकर सामने आना रही।

### राजस्थान रॉयल्स

कप्तान रियान पराग ने खुद यह बात स्वीकार की है कि रॉयल्स को लीग चरण के आखिरी दिन का इंतजार करने के बजाय, उससे काफी पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लेना चाहिए था। उनका अभियान काफी हद तक 15 साल के किशोर खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी पर निर्भर था जो अपने पहले पूरे सत्र में 237.30 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने।

### मुंबई इंडियंस

भारत के कई बड़े सितारों से सजी टीम इस सत्र में सबसे ज्यादा निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली टीम रही। जसप्रीत बुमराह, हार्दिक, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की चौकड़ी इस सत्र को भुलाना चाहेगी। रोहित शर्मा ने शीर्ष क्रम में ठीक प्रदर्शन किया, लेकिन चोट की वजह से उनका सत्र प्रभावित रहा।

### लखनऊ सुपर जायंट्स

दो निराशाजनक सत्र के बाद कप्तान ऋषभ पंत के पद छोड़ने के साथ ही अगले सत्र के लिए टीम में बदलाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पहले हिस्से में टीम की बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप रही जबकि मोहम्मद शमी, मोहसिन खान और प्रिंस यादव की अगुवाई में गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया।

### दिल्ली कैपिटल्स

लगातार दूसरे सत्र में दिल्ली कैपिटल्स अक्षर पटेल की कप्तानी में प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही। यह एक और ऐसा सत्र रहा, जिसमें केएल राहुल ने 500 से ज्यादा रन बनाए लेकिन आखिरी नतीजों के लिहाज से उन रनों की अहमियत नहीं रही। टीम के पास बल्लेबाजी में जरूरी ताकत की कमी थी। गेंदबाजी में भी जरूरी धार नहीं थी।

### पंजाब किंग्स

आईपीएल के पहले हाफ में सबसे मजबूत टीम मानी जा रही पंजाब किंग्स ने दूसरे हाफ में लगातार छह मैच हारकर अपने प्लेऑफ में पहुंचने के मौकों को गंवा दिया। उनकी शानदार बल्लेबाजी ने उनकी कमजोर गेंदबाजी की भरपाई कर दी थी, लेकिन बाद में क्षेत्ररक्षण समेत तीनों ही विभागों में उनका प्रदर्शन गिर गया।

### कोलकाता नाइट राइडर्स

शुरुआती छह मैच हारने के बाद भी 10 टीम में से सातवें स्थान पर रहकर केकेआर ने अच्छा प्रदर्शन किया। पूरी संभावना है कि अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल में अपना आखिरी सत्र खेल लिया है। टीम को सभी विभागों में संघर्ष करना पड़ा और अब उसे पूरी तरह से नए सिरे से तैयार करने की जरूरत है।

### चेन्नई सुपर किंग्स

पांच बार की चैंपियन टीम 2023 में खिताब जीतने के बाद से अब तक प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही है। रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली फ्रेंचाइजी को अब अपनी रणनीति में बदलाव करने की जरूरत है।

## क्रिकेट

# आईसीसी ने लागू किए नए नियम टी20 में कोच की मैदान में एंट्री

लेग साइड वाइड, डे टेस्ट में पिंक बॉल पर लगी मुहर



एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने क्रिकेट नियमों से जुड़ी कुछ सिफारिशों पर मुहर लगा दी है। अहमदाबाद में बोर्ड मीटिंग के दौरान इस पर फैसला लिया गया।

इसके तहत दिन में होने वाले टेस्ट मैच में पिंक बॉल के इस्तेमाल, लेग साइड वाइड ट्रायल, अवैध बॉलिंग एक्शन पर हॉक आई डेटा के एक्सेस को मंजूरी दी गई। इससे आने वाले समय में क्रिकेट में काफी बदलाव देखने को मिलेंगे। वहीं आईसीसी ने टी 20 मैच के दौरान कोच को मैदान में एंट्री का प्रावधान रखा है। आईसीसी ने बताया कि अगर खराब रोशनी के चलते खेल में रुकावट आती है तब अंपायर दोनों टीमों की सहमति से लाल गेंद की जगह पिंक बॉल से खेल को आगे बढ़ा सकते हैं।

ऐसा इसलिए किया जा रहा क्योंकि कई बार खराब रोशनी के चलते मैच में समय खराब होता है और इससे नतीजा नहीं निकल पाता है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अंक दांव पर होने की वजह से इस तरह के नतीजे टीमों के लिए नुकसानदेह साबित हुए हैं।

### लेग साइड वाइड पर अहम फैसला

बोर्ड मीटिंग में लेग साइड वाइड पर अहम फैसला हुआ। अब अगर किसी बल्लेबाज के लेग साइड में कोई गेंद जाती है तो वह सीधे-सीधे वाइड नहीं होगी। अंपायर यह जांच करेंगे कि वह बल्लेबाज से कितनी दूर है। उसके हिसाब से ही फैसला किया जाएगा। कहा जा रहा है कि एक तय लाइन रखी जाएगी और उसके अंदर अगर गेंद रहती है तो वह वाइड नहीं होगी। लेकिन इस पर फैसला मैदानी अंपायर ही लेगा। अभी इस नियम को आईसीसी ने ट्रायल पर डाला है।

## डब्ल्यूटीटी प्रिस्टिना फीडर सीरीज

# 15 साल की दिव्यांशी ने रचा इतिहास, जीते दो स्वर्ण पदक



एजेंसी ▶▶| प्रिस्टीना

उभरती हुई खिलाड़ी 15 वर्षीय दिव्यांशी भौमिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डब्ल्यूटीटी फीडर महिला एकल खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। वह इस उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बन गई हैं। विश्व रैंकिंग में 211वें स्थान पर काबिज दिव्यांशी ने फाइनल में चीनी ताइपे की विश्व नंबर 38 येह यी-तियान को रोमांचक मुकाबले में 3-2 (8-11, 11-8, 11-5, 7-11, 11-7) से पराजित किया। भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए अद्भुत संयम, जुझारुपन और आत्मविश्वास का परिचय दिया तथा यादगार जीत दर्ज की। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने सीनियर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी दमदार मौजूदगी का अहसास कराया। दिव्यांशी की यह उपलब्धि केवल भारतीय टेबल टेनिस के लिए ही ऐतिहासिक नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी उन्हें विशिष्ट स्थान दिलाती है।

### महिला युगल में जीता गोल्ड

दिव्यांशी ने अपने शानदार अभियान में एक और स्वर्णिम उपलब्धि जोड़ते हुए महिला युगल वर्ग का स्वर्ण पदक भी जीता। उन्होंने साथी भारतीय किशोर खिलाड़ी सिंड्रेला दास के साथ मिलकर जापान की साची आओकी और कोकोना मुरामात्सु की जोड़ी को रोमांचक फाइनल में 3-2 (7-11, 14-12, 12-14, 11-8, 11-7) से हराया। करीब आधे घंटे तक चले इस संघर्षपूर्ण मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बावजूद शानदार वापसी की। निर्णायक क्षणों में दबाव के बीच उनका धैर्य और दृढ़ता देखने लायक रही, जिसने भारत की इस उभरती हुई जोड़ी की बढ़ती परिपक्वता और उज्ज्वल भविष्य की झलक पेश की।

### उम्र से कहीं अधिक दिखाई परिपक्वता

मात्र 15 वर्ष की आयु में वह जापान की स्टार खिलाड़ी मिवा हारिमोटो के बाद डब्ल्यूटीटी फीडर सर्किट में महिला एकल खिताब जीतने वाली दुनिया की दूसरी सबसे युवा खिलाड़ी मानी जा रही हैं। प्रिस्टीना में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान दिव्यांशी ने पूरे सप्ताह अपने खेल से प्रभावित किया। उन्होंने अपने से अधिक अनुभवी और ऊंची रैंकिंग वाली खिलाड़ियों को बेखौफ आक्रामक खेल तथा अटूट आत्मविश्वास के दम पर मात दी।

# नार्वे चेस : गुकेश और दिव्या हारे कार्लसन ने दर्ज की बड़ी जीत

एजेंसी ▶▶| ओस्लो

नॉर्वे चेस 2026 के छठे राउंड में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर रही, जिससे खिताब की दौड़ और दिलचस्प हो गई है। पुरुष वर्ग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने टूर्नामेंट लीडर अलीरेजा फिरोजा को हराकर बड़ी जीत दर्ज की। सफेद मोहरों से खेलते हुए कार्लसन ने पूरे मुकाबले में दबाव बनाए रखा और बाद के चरण में अपनी बढ़त का फायदा उठाकर जीत हासिल की। यह फिरोजा की टूर्नामेंट में पहली क्लासिकल हार रही एक अन्य मुकाबले में वेस्ली सो ने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंदा को हराया। लंबा चला यह मुकाबला काफी संघर्षपूर्ण रहा, लेकिन एंडगेम में वेस्ली ने बेहतर खेल दिखाते हुए पूरे तीन अंक हासिल किए। इस जीत के साथ वह



अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

### कीमर से हारे गुकेश

मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को जर्मनी के विंसेंट कीमर के हाथों हार का सामना करना पड़ा। कीमर इस मुकाबले में गुकेश पर शुरुआत से ही हावी रहे और वह अपने दमदार खेल को अंत तक बरकरार रखने में सफल रहे। विंसेंट ने गुकेश को वापसी करने का मौका नहीं दिया और शानदार जीत दर्ज की।

# 'जी' ने हासिल किए भारत के लिए 'फीफा वर्ल्ड कप' राइट्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में फुटबॉल प्रेमियों के लिए बड़ी राहत की बात है कि 'जी' पर 2026 फीफा विश्व कप का सीधा प्रसारण किया जाएगा क्योंकि 11 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट से 10 दिन पहले 'जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेस लिमिटेड' ने फुटबॉल की विश्व संचालन संस्था फीफा के साथ 8 साल की भागीदारी की घोषणा की।

इस साझेदारी के तहत 'जी' भारत में विश्व कप 2026 समेत फीफा के सभी मुकाबलों का प्रसारण करेगा। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल संस्था फीफा के साथ हुए इस करार के तहत 'जी' फीफा के 39 वैश्विक फुटबॉल टूर्नामेंट का प्रसारण करेगा, जिनमें 11 जून 2026 से शुरू होने वाला फीफा विश्व कप भी शामिल है। अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको विश्व कप 2026 की संयुक्त मेजबानी करेंगे।

### 'यूनाईट8 स्पोर्ट्स नेटवर्क' में होगा विश्वकप का प्रसारण

विश्व कप का टीवी पर सीधा प्रसारण जी एंटरटेनमेंट अपने नए 'यूनाईट8 स्पोर्ट्स नेटवर्क' के जरिए करेगा जबकि इसकी लाइव स्ट्रीमिंग 'जी5' ऐप पर उपलब्ध होगी। जी एंटरटेनमेंट के पास



भारतीय बाजार के लिए फीफा विश्व कप 2026, फीफा विश्व कप 2030, फीफा महिला विश्व कप 2027 के साथ 2034 तक के अन्य अहम फीफा टूर्नामेंट और डॉक्यू-सीरीज कंटेंट के मीडिया अधिकार होंगे। जी एंटरटेनमेंट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुनीत गोयंका ने कहा, 'हम दुनिया के सबसे बड़े खेल टूर्नामेंट में से एक को भारतीय दर्शकों तक पहुंचाने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। मीडिया अधिकार हासिल करने और विशेष खेल चैनल शुरू करने में किया गया हमारा निवेश, इस खेल की लंबी अवधि की संभावनाओं में हमारे पक्के विश्वास को दर्शाता है।'

## आज से शुरू हो रहा थाईलैंड ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट

# बुलंद हौसलों के साथ कोर्ट पर उतरेगी सात्विक-चिराग की जोड़ी

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

सिंगापुर ओपन में लंबे समय से चले आ रहे खिताबी इंतजार को समाप्त करने के बाद आत्मविश्वास से भरपूर भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी अब मंगलवार से शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 1000 में लगातार दूसरा खिताब जीतने के इरादे से कोर्ट पर उतरेगी।

पूर्व विश्व नंबर एक भारतीय जोड़ी को प्रतियोगिता में चौथी वरीयता मिली है। अपने पहले मुकाबले में उनका सामना मलेशिया के कांग खाई शिंग और आरोन ताई की जोड़ी से होगा। पुरुष युगल में भारत की दूसरी जोड़ी एमआर अर्जुन और हरिहरन अम्साकरुणान का मुकाबला मलेशिया के नूर मोहद अजरीन आयुब अजरीन और तान वी कियोंग से होगा। यदि दोनों भारतीय जोड़ियां अपने-अपने शुरुआती मुकाबले जीतती हैं तो दूसरे दौर में आमने-सामने हो सकती हैं।

### पहला मुकाबला मलेशिया के शिंग और आरोन की जोड़ी से



### सिंधू की पहली भिड़ंत थाईलैंड की ओंगबामरुंगफान से

महिला एकल में भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू अपने अभियान की शुरुआत थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ करेंगी। सिंधू सिंगापुर ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थीं। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में मालविका बंसोड़ का सामना थाईलैंड की सातवीं वरीय पोर्नपावी चोचुवोंग से होगा, जबकि उन्नति हुड्डा को पहले ही दौर में जापान की विश्व नंबर 12 नोजोमि ओकुहारा जैसी मजबूत प्रतिद्वंद्वी मिली हैं।

### लक्ष्य भिड़ेंगे अल्वी फरहान से

लक्ष्य सेन पुरुष एकल में अपने पहले मुकाबले में इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से भिड़ेंगे। वहीं किदांबी श्रीकांत का सामना जापान के युशी तनाका से होगा। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में आयुष शेट्टी का मुकाबला चीन के वेंग होंग यांग से होगा, जबकि एचएस प्रणय आयरलैंड के एनट के खिलाफ चुनौती पेश करेंगे। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो के साथ रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गदे भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भारत की एकमात्र जोड़ी पहले दौर में इंडोनेशिया की फेब्रियाना द्विपुजी कुसुमा और मेलिसा ट्रियास पुस्पितासारी के खिलाफ अभियान शुरू करेगी।




# अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली पहुंचाः भारत और अमेरिका के बीच लगभग सभी मुद्दे सुलझे, दोनों देश जल्द करेंगे समझौते पर हस्ताक्षर

उम्मीद है कि इन वार्ताओं का मुख्य जोर एक अंतरिम व्यापार समझौते के विवरण को अंतिम रूप देने पर होगा

साथ ही व्यापक द्विपक्षीय ढांचे के तहत बातचीत को आगे बढ़ाने पर भी ध्यान दिया जाएगा

भारत का प्रतिनिधित्व मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन के नेतृत्व वाला एक प्रतिनिधिमंडल करेगा

वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव जैन को द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की कमान सौंपी गई है

**1** दोनों देश पहली किस्त पर हस्ताक्षर करने के बहुत करीब पहुंचा

**2** यूएसए का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल 7 जून तक रहेगा

**3** 2, 3 और 4 जून को होगी बैठक, जिसमें कई बिंदुओं पर चर्चा होगी

**4** दोनों देशों के नेताओं ने 3 फरवरी को ही फ्रेमवर्क समझौते की घोषणा की थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पहली किशत पर हस्ताक्षर करने के करीब पहुंच गए हैं। इसकी ज्यादातर अहम बातें पहले ही तय हो चुकी हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को यह जानकारी दी। उनकी यह प्रतिक्रिया तब आई जब अमेरिका का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल बातचीत के एक नए दौर के लिए नई दिल्ली पहुंचा है। चल रही बातचीत के बारे में गोयल ने कहा कि अमेरिकी टीम के सदस्य 2, 3 और 4 जून को होने वाली बैठकों से पहले ही भारत पहुंचना शुरू हो गए थे। उन्होंने बताया, जहां तक अमेरिकी टीम की बात है, कुछ सदस्य पहले ही पहुंच चुके हैं, जबकि बाकी आज रात पहुंच रहे हैं। हमारी बैठकें 2, 3 और 4 जून को होनी हैं। दोनों देशों



के नेताओं ने 3 फरवरी को ही फ्रेमवर्क समझौते की घोषणा कर दी थी। भारत-अमेरिका व्यापार सौदे पर चल रही बातचीत के संबंध में मंत्री ने कहा, सभी मुख्य बिंदु तय हो चुके हैं। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने हाल ही में कहा था कि 99% विवरण अंतिम रूप ले चुके हैं... मुझे पूरा भरोसा है कि हम अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पहली किशत को जल्द से जल्द पूरा कर लेंगे। वह बोले, हम इस पर हस्ताक्षर करेंगे और फिर आगे चलकर एक और भी ज़्यादा व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौता कैसे बनाया जाए, इस पर आगे की बातचीत शुरू करेंगे। गोयल ने यह भी कहा कि इस समझौते में अमेरिका की टैरिफ संरचना में हुए बदलावों को भी ध्यान में रखा जाएगा। मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में अमेरिका का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल 1 से 4 जून तक चार दिवसीय भारत दौरे पर है ।

मेक इन इंडिया को मिला बूस्ट, एमके-1 का परीक्षण सफल

## खुफिया मिशन और दुश्मन पर सटीक निशाने में माहिर भारत का दिव्यास्त्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत के स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम को बढ़ावा देते हुए, होवरिट ने जोधपुर में टैक्टिकल लोइटरिंग म्यूनिशन प्लेटफॉर्म,दिव्यास्त्र एमके-1 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। दिव्यास्त्र एमके-1 के परीक्षण के दौरान भारतीय सेना का वरिष्ठ नेतृत्व भी मौजूद था। इस प्रदर्शन के हिस्से के तौर पर, दिव्यास्त्र एमके-1 यूएवी को एक वाहन पर लगे मोबाइल लॉन्चर से कई बार सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। दिव्यास्त्र एमके-1 एक स्वदेशी टैक्टिकल यूएवी है जिसे खुफिया जानकारी, निगरानी, टोही और सटीक हमले के मिशनों के लिए विकसित किया गया है। दिव्यास्त्र एमके-1 से प्लेटफॉर्म की तेजी से तैनात होने की क्षमता, युद्ध के मैदान में गतिशीलता और जमीनी हालात में टैक्टिकल लॉन्च की तैयारी का प्रदर्शन हुआ।

इस समझौते के तहत भारतीय उत्पादों पर कोई भी टैक्स नहीं लगेगा

# भारत ने निकाला होर्मुज से बच निकलने का रास्ता ओमान के साथ फ्री ट्रेड लागू, घटेंगी मुश्किलें

*यह समझौता भारत के छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों की समृद्धि लाएगी*

*निर्यात को बढ़ावा मिलेगा निवेश आकर्षित होगा और रोजगार सृजित होंगे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-ओमान व्यापार समझौता सोमवार से लागू हो रहा है, इस समझौते के तहत भारतीय उपादों पर कोई भी टैक्स नहीं लगेगा। यह व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) पर पिछले साल दिसंबर में प्रधानमंत्री मोदी की मस्कट दौरे के दौरान हुआ था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बात करते हुए केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने समझौते की शुरू होने की घोषणा करते हुए कहा कि यह छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों और लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए समृद्धि के वैश्विक मार्ग बनाने के केंद्र सरकार के मिशन में मील का पत्थर साबित होगा। इसके तहत नए बाजार खोले जाएंगे, निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, निवेश आकर्षित होगा और रोजगार सृजन में तेजी आएगी। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार (1 जून, 2026) को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए दोनों देशों के बीच लागू सीईपीई की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत के छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों



और एमएसएमई की समृद्धि के लिए नए वैश्विक रास्ते खोलने के नई दिल्ली के मिशन में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इससे नए बाजार उपलब्ध होंगे, निर्यात बढ़ेगा, निवेश को आकर्षित किया जाएगा और रोजगार के मौकों में भी इजाफा होगा। भारत और ओमान के बीच सीईपीए ऐसे समय पर लागू हुआ है, जब अमेरिका और ईरान के बीच बढ़े संघर्ष और तनाव ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने वाले वैश्विक समुद्री व्यापार को व्यापक तौर पर प्रभावित किया है। यह रणनीतिक समुद्री रास्ता दुनिया में हर रोज होने वाले कुल तेल खपत का करीब 20 प्रतिशत और समुद्री रास्ते से होने वाले वैश्विक तेल व्यापार का करीब 25 प्रतिशत संभालता है। इसी वजह से इसे दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्ग माना जाता है। वहीं, इसके अलावा, ओमान की सबसे बड़ी रणनीतिक विशेषता उसकी भौगोलिक स्थिति है। ईरान की तरफ से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर बढ़ते दबाव की वजह से भारत को सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने का खतरा रहता है, लेकिन ज्यादातर खाड़ी देशों के उलट ओमान का बड़ा समुद्री किनारा होर्मुज स्ट्रेट के बाहर अरब सागर और ओमान की खाड़ी में स्थित है। इस समझौते के संबंध में थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि सलालाह और दुक्म के प्रमुख बंदरगाह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में किसी भी परेशानी के बावजूद आराम से संचालित रह सकते हैं।

निर्यात और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

## विकसित देशों से व्यापार समझौते हर भारतीय का जीवन स्तर सुधारेंगे : प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) और उससे होने वाले लाभों पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का एक लेख साझा किया है। लेख में बताया गया है कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों को नए बाजारों तक पहुंच बनाने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने, किसानों के हितों की रक्षा करने और भारत-ओमान के बीच साझा समृद्धि को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। लेख में कहा गया है कि भारत-ओमान सीईपीए भारतीय निर्यातकों के लिए बाजारों में विविधता लाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। इसके साथ ही यह समझौता रोजगार के नए अवसर सृजित करने और विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को गति देने में भी सहायक होगा। लेख के अनुसार, समझौते को इस तरह तैयार किया गया है कि भारतीय किसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। साथ ही दोनों देशों के बीच व्यापारिक सहयोग बढ़ाकर साझा आर्थिक समृद्धि को मजबूत करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया



प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अपने लेख में इस बात पर प्रकाश डाला है कि भारत-ओमान सीईपीए भारतीय निर्यातकों को बाजारों में विविधता लाने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने, किसानों के हितों की रक्षा करने और दोनों देशों के बीच साझा समृद्धि को बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते करने के लिए सरकार के निरंतर प्रयास प्रत्येक भारतीय के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहायक हैं। उन्होंने संकेत दिया कि ऐसे समझौते भारत की आर्थिक प्रगति को नई गति देने के साथ-साथ नागरिकों के लिए बेहतर अवसर भी पैदा करेंगे।

दिल्ली में रक्षा मंत्रियों ने बैठक में दिए बड़े संकेत

## इंडो-पैसिफिक में मजबूत होगी भारत-ऑस्ट्रेलिया की ताकत



*दोनों देश रक्षा,उद्योग और व्यापार में करेंगे सहयोग*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा संबंधों को नई उड़ान देने के लिए सोमवार को नई दिल्ली में एक दूसरी द्विपक्षीय बैठक हुई। बैठक में भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने पर चर्चा की।

इस बैठक में समुद्री सुरक्षा, सैन्य सहयोग, रक्षा उद्योग, सह-विकास और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहे। बैठक के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलिया की 2026 की राष्ट्रीय रक्षा रणनीति और इंटीग्रेटेड इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम का स्वागत करते हुए कहा कि दोनों देशों के रक्षा संबंधों में विकास की अपार संभावनाएं हैं।

**खबर संक्षेप**

### मलेशिया में बच्चे नहीं चला सकेंगे फेसबुक

नई दिल्ली। मलेशिया ने सोमवार को 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के इंटरनेट मीडिया अकाउंट बनाने पर रोक लगाने वाले नियम को लागू कर दिया है। नियम के तहत इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म को आयु सत्यापन प्रणाली लागू करनी होगी और 16 वर्ष से कम आयु के यूजर्स को अकाउंट बनाने से रोकना होगा।

### भारतीय जमीन कब्जाने के दावे का विरोध

काठमांडु। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने रविवार को कहा था कि सिर्फ भारत ने ही नेपाली जमीन पर कब्जा नहीं किया, बल्कि नेपाल ने भी कुछ भारतीय इलाकों पर कब्जा किया है। इस बयान का आज नेपाल की संसद में जमकर विरोध हुआ, विपक्षी दलों ने बालेन शाह से भारत से जुड़े इस विवादित दावे पर जवाब मांगा।

पीएम मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति की हुई मुलाकात

## म्यांमार में शांति और संवाद की प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए भारत तैयारः पीएम मोदी

*भारत ने कहा पहले प्राथमिकता नेबरहुड फर्स्ट*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और म्यांमार ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के साथ ही व्यापार, निवेश, संपर्क (कनेक्टिविटी), विकास साझेदारी, क्षमता निर्माण, सुरक्षा और सीमा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। सोमवार को नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में हुई विस्तृत वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों को और गहरा करने पर सहमति



व्यक्त की। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने म्यांमार में शांति और संवाद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में भारत हर तरह की मदद को तैयार है। उन्होंने संघीय शासन व्यवस्था और आर्थिक विकास के अनुभवों को साझा करने की भी बात कही। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति की बातचीत व्यापक रही और दोनों देशों ने शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए साझेदारी को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि भारत म्यांमार के लिए एक भरोसेमंद पड़ोसी और संकट के समय में पहला सहयोगी है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत की नेबरहुड फर्स्ट, एक्ट ईस्ट और महासागर नीतियों के अनुरूप भारत हमेशा म्यांमार का सहयोग करता रहेगा।

राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग का सोमवार को ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात का कार्यक्रम है। वे राजधानी में "द लाइट एंड द लोटसः रेलिक्स ऑफ द अवेकेंड वन" नामक सांस्कृतिक प्रदर्शनी का भी दौरा करेंगे। यह म्यांमार राष्ट्रपति की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है।

रूस बोला- ये अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद

## फ्रांस ने जब्त किया तेल टैंकर तो भड़क गया रूस, कर दी निंदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीते रोज सोमवार को अटलांटिक महासागर में फ्रांस द्वारा रूस के तेल टैंकर टैगोर को जब्त किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। रूस ने फ्रांस की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए इसे अवैध करार दिया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने तीखा रुख अपनाते हुए कहा, हम इस कदम को गैर-कानूनी मानते हैं। जहाज को हिरासत में लेना अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद की सीमा तक पहुंच गया है। रूस ने चेतावनी दी है कि वह अपने समुद्री कार्गो परिवहन की सुरक्षा के लिए कठोर कदम उठाएगा। फ्रांसीसी अधिकारियों के अनुसार, यह टैंकर उत्तर-पश्चिमी रूस के मरमांस्क से कैमरून की ओर जा रहा



था, तभी इसे ब्रिटनी से 400 समुद्री मील पश्चिम में रोक लिया गया। संदेह है कि यह टैंकर रूस के शैडो फ्लीट (छाया बेड़े) का हिस्सा है, जिसका इस्तेमाल यूक्रेन युद्ध के कारण लगे पश्चिमी प्रतिबंधों से बचने के लिए किया जा रहा था। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बताया कि यह कार्रवाई ब्रिटेन और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में की गई। मैक्रों ने स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों से बचना, समुद्र के नियमों का उल्लंघन करना और यूक्रेन के खिलाफ पिछले चार साल से जारी युद्ध को वित्तपोषित करना कतई स्वीकार्य नहीं है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28